RNI NO. MPHIN/2016/69135

दैनिक
# लोकप्रदेश

वर्ष-9 | अंक-146 | प्रातः कालीन हिन्दी दैनिक | भोपाल, बुधवार 11 जून 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य-2 रुपये

राजनाथ की दुनिया को दो टूक-

## पाक को आतंक विरोधी समिति में रखना बिल्ली से दूध की रखवाली करवाने जैसा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि, पहलगाम में



आतंकियों ने जिस तरह धर्म पूछकर लोगों को निशाना बनाया, उसने देश को झकझोर दिया। उन्होंने धर्म पूछकर मारा, लेकिन हमने उनका धर्म पूछकर नहीं, उनका कर्म देखकर मारा। यह देश की सामाजिक एकता पर हुआ हमला था। धर्म पूछकर मारने के पीछे उनका उद्देश्य था भारत की सांस्कृतिक एकता को नुकसान पहुंचाना। राजनाथ सिंह ने कहा कि हम आतंकियों को नहीं, बल्कि आतंकी ढांचे को भी पूरी तरह से खत्म करें, यह जरूरी है। पूरी दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब करना जरूरी हो गया है। यह बात पूरी दुनिया के सामने आ रही है कि पाकिस्तान को फंडिंग का मतलब है कि आतंकवाद को फंडिंग। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान को मिलने वाली विदेशी आर्थिक मदद को बंद करना होगा। आतंकवाद को खाद-पानी नहीं मिलना चाहिए। इसमें संयुक्त राष्ट्र की भूमिका अहम है, लेकिन उसके निर्णयों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी समिति में उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह बिल्ली से दूध की रखवाली करवाने वाली बात है। इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात क्या हो सकती है। यह वही पाकिस्तान है, जिसकी जमीन का इस्तेमाल वैश्विक आतंकवाद के लिए होता रहा है। यहां हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकी खुले आम घूमते हैं और जहर उगलते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद का निर्णय

# प्रदेश में 17 जून तक होंगे तबादले

## आदिवासियों के घरों तक सड़क बनाने के लिए मुख्यमंत्री मजरा-टोला योजना शुरू होगी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में तबादला अवधि दूसरी बार बढ़ाने का फैसला किया गया है। अब 17 जून तक तबादले किए जा सकेंगे। ये फैसला मंगलवार को हुई कैबिनेट में लिया गया। प्रदेश में मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत आदिवासियों के घरों तक सड़क बनाकर दी जाएगी। 21,630 करोड़ खर्च कर 30,900 किमी की सड़कें बनाई जाएंगी। नगरीय विकास और आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया, मोहन कैबिनेट ने मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना शुरू करने का फैसला किया है। इस योजना में मजरे-टोलों को सड़क से जोड़ा जाएगा। पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने इसका प्रस्ताव रखा, जिसे कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों से कहा है कि वे अपने क्षेत्र में ऐसे मजरे-टोलों की तलाश कर जानकारी दें, ताकि सड़क बनाई जा सके।



### अब 17 जून तक होंगे तबादले

विभागों में तबादलों की अवधि आज खत्म हो रही थी। कैबिनेट बैठक के दौरान कई मंत्रियों ने तबादले का समय बढ़ाने की मांग की। इस दौरान यह बात भी सामने आई कि शिक्षा विभाग का पोर्टल समय पर तैयार नहीं होने के कारण 10 जून की स्थिति में तबादले नहीं हो सकेंगे। इसलिए इसे 17 जून तक बढ़ाने का फैसला लिया। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि उन्होंने तबादला अवधि बढ़ाने का विरोध किया, पर शिक्षा विभाग के कारण दूसरे विभागों को भी फायदा मिल गया है।

### परामर्शदात्री समिति बनाई जाएगी

विजयवर्गीय ने बताया, मजरा-टोला सड़क योजना के तहत डामर, लेवल के आधार पर सीसी रोड भी बनेंगी। सर्वे के अनुसार प्रदेश में 20600 बसाहटें ऐसी हैं, जिसका एरिया 600 वर्गमीटर है। इनमें अगर बसाहट से 50 मीटर दूरी पर सड़क नहीं होगी इसके लिए कलेक्टर, सांसद, जनप्रतिनिधियों की एक सलाहकार और परामर्शदात्री समिति बनाई जाएगी जो सुझाव देगी।

### जिला विकास सलाहकार समिति बनाई जाएगी

कैबिनेट ने जिला विकास सलाहकार समिति बनाने का फैसला लिया है। हर जिले में इसका गठन होगा और अध्यक्ष मुख्यमंत्री और उपाध्यक्ष प्रभारी मंत्री होंगे। इस समिति का उद्देश्य जिले के विकास का रोडमैप तैयार करना है। इसमें सदस्य सभी जनप्रतिनिधि होंगे। हर क्षेत्र के एक्सपर्ट्स को इस समिति में शामिल किया जाएगा। सोलर हो, उद्योग या कोई अन्य सदस्य इसमें बुलाए जा सकेंगे। इसमें 20 सदस्य होंगे।

### कैबिनेट में इन मुद्दों पर भी चर्चा

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया, मंत्रियों से सीएम यादव ने कहा कि बारिश का मौसम आने वाला है। वे अपने क्षेत्र की जो भी चुनौतियां हैं, उससे निपटने के लिए अभी से काम करें। स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट के बारे में सीएम यादव ने बैठक के पहले जानकारी दी। कैबिनेट ने सीएम को इस अचीवमेंट के लिए बधाई दी। वेलनेस सेंटर लोगों को बीमार होने से पहले स्वस्थ रखने का काम करेंगे और सरकार इसे जिम्मेदारी समझकर समाज हित में निभाने का काम कर रही है।

## देश में 6800 कोरोना केस, 68 मौतें

### 24 घंटे में 300 से ज्यादा मामले बढ़े; ग्वालियर में 3 डॉक्टर पॉजिटिव, हेल्थ डिपार्टमेंट अलर्ट पर

**नई दिल्ली/ मुंबई/ बेंगलुरु/ तिरुवनंतपुरम।** देश में कोरोनावायरस के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 6815 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 324 नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2053 केस हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट्स से 12 राज्यों में 68 मरीजों की मौत हुई हैं। सोमवार को केरल, दिल्ली और झारखंड में 1-1 मरीज ने जान गंवाई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 18 मौतें हुई हैं। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सोमवार को 3 डॉक्टर समेत 6 नए केस सामने आए। इसके बाद से जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है।




कोरोना के बढ़ते मामले के बीच पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों से बैठक की। ममता ने कहा- उम्मीद है कि महामारी दोबारा न लौटे, लेकिन हमें तैयार रहना होगा। राज्य के सरकारी अस्पतालों में इलाज की पूरी व्यवस्था है, ऐसे में लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

## राजा की हत्या के बाद सोनम ट्रेन से इंदौर आई

### किराए के कमरे में रुकी थी; मेघालय पुलिस 5 आरोपियों को लेकर शिलॉन्ग रवाना

**इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी (29) हत्याकांड में मंगलवार को नया खुलासा हुआ। पति राजा की हत्या के बाद सोनम रघुवंशी 25 मई को शिलॉन्ग से सिलीगुड़ी के रास्ते ट्रेन से इंदौर पहुंची थी। शिलॉन्ग एसपी विवेक स्येम ने भास्कर रिपोर्टर योगेश पाण्डे को बताया कि सोनम इंदौर आने के बाद किराए के कमरे में रुकी थी।



सोनम को एक ड्राइवर ने वाराणसी में ड्रॉप किया था, जहां से वह गाजीपुर पहुंची थी। इस बीच, इंदौर में क्राइम ब्रांच और मेघालय पुलिस की टीम आज आरोपी विशाल को लेकर उसके घर पहुंची। वारदात के समय पहने गए कपड़े जब्त किए। क्राइम ब्रांच के एसीपी पूनम चंद्र यादव ने बताया कि राजा रघुवंशी पर पहला वार विशाल ने ही किया था। मेघालय पुलिस सोनम को लेकर पटना एयरपोर्ट से रवाना हो चुकी है। टीम पहले कोलकाता पहुंचेगी फिर गुवाहाटी होते हुए शिलॉन्ग पहुंचेगी। सोनम करीब 6 घंटे तक पटना के थाने में रही, वह टेबल पर सिर रखकर रोती रही। चाय तक नहीं पी। मेघालय के मावलखियात में स्थानीय गाइड अल्बर्ट पीडी ने इंदौर के राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम के साथ आए संदिग्धों में से एक की पहचान कर ली है। मंगलवार को पुलिस ने उन्हें कुछ तस्वीरें दिखाई थी। बता दें कि अल्बर्ट ने ही राजा-सोनम के लापता होने के दिन तीन और लोगों की मौजूदगी का दावा किया था। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि अपराधी आखिरकार सलाखों के पीछे हैं। हम निर्दोष साबित हुए हैं। जिन लोगों ने सोहरा और उसके लोगों की हिंसक छवि को खराब करने की कोशिश की थी, वे अब बेनकाब हो गए हैं।

आसमान से बरस रही आग

## जम्मू से मप्र तक आठ राज्य लू की चपेट में, 12 जून तक अलर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर से लेकर मध्य प्रदेश तक उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के आठ राज्य भीषण लू की चपेट में हैं। आसमान से बरसती आग में दिल्ली-एनसीआर समेत पूरा उत्तर भारत उबल रहा है। दिन में प्रचंड धूप के बाद रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही। उमस ने तपिश की चुभन और बढ़ा दी है। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, लेकिन तपिश 51-52 डिग्री जैसी महसूस की गई। मौसम विभाग ने 12 जून तक के लिए भीषण गर्मी और लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान उमस के साथ पारा 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर सकता है। राजस्थान के कई हिस्सों में पहले ही तापमान 45 डिग्री को पार कर चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर 12 जून तक, राजस्थान के कई स्थानों, पंजाब में और चंडीगढ़ में 13 जून तक लू चलने की संभावना है। हालत यह है कि सुबह की शुरुआत ही करीब 30 डिग्री तापमान से हो रही है।

### यह है हीट इंडेक्स

हीट इंडेक्स हवा के तापमान और आर्द्रता को मिलाकर मापता है कि बाहर कितनी गर्मी महसूस होती है। यह एक ऐसा सूचकांक है जो मानव शरीर द्वारा अनुभव किए जाने वाले वास्तविक तापमान का अनुमान लगाता है।



## रेप के आरोपी की 8 पीड़िताओं ने की हत्या

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के गजपति जिले में 60 साल के रेप के आरोपी की हत्या करके शव जला दिया गया। पुलिस ने 10 लोगों को अरेस्ट किया है, जिसमें 8 महिलाएं और दो पुरुष हैं। पुलिस ने गांव से करीब 2 किलोमीटर दूर वन क्षेत्र के पास एक पहाड़ी से मृतक की हड्डियां और राख बरामद की। पुलिस ने बताया कि, जिन महिलाओं को पकड़ा गया है, वे सभी यौन शोषण का शिकार हुईं थीं।

**शव जलाया, जंगल से हड्डियां और राख बरामद**

**52 साल की विधवा के साथ रेप से गुस्सा बढ़ा:** पुलिस ने बताया कि, जिस व्यक्ति को मारा गया है वह काफी समय से महिलाओं का शोषण कर रहा था। 3 जून को उसने 52 साल की एक विधवा का रेप किया। घटना सामने आने के बाद महिलाओं ने एक मीटिंग की और आरोपी को मारने का फैसला किया। पुलिस ने बताया, सभी महिलाएं आरोपी के घर गईं। उस वक्त वह सो रहा था। तभी उस पर कुल्हाड़ी से वार किया। हत्या के बाद शव को जंगल ले जाकर जला दिया। इस घटना में दो पुरुषों ने भी महिलाओं की मदद की।

## प्रदेश में तेज गर्मी का दौर, पारा 45 डिग्री पार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लगातार डेढ़ महीने से चल रहे आंधी बारिश के बीच एक बार फिर से तापमान में बढ़ोतरी शुरु हो गई है। सोमवार को जून में पहली बार प्रदेश के 7 शहरों में पारा 45 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया वही आज का मौसम भी इसी तरह रहने का अनुमान है। बता दें इससे पहले अप्रैल में इतनी गर्मी थी, जबकि 24 शहरों में तापमान 40 डिग्री या इससे ज्यादा रहा। पिछले 12 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा है। इस वजह से एमपी में इसकी एंट्री लेट हो रही है। अगले 2 से 3 दिन तक मानसून के आगे बढ़ने की संभावना कम ही है। यानी, मानसून 15 जून तक प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। इस बार मई जून में आंधी-बारिश वाला मौसम रहा। प्रदेश में 26 अप्रैल से आंधी-बारिश का दौर शुरू हो गया था, जो 8 जून को भी जारी रहा। यानी, लगातार 44 दिन से प्रदेश के किसी न किसी जिले में पानी गिर रहा है, या आंधी चल रही है।



## देश में कोरोना के 6500 मामले, 65 मौतें

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। सक्रिय केसों की संख्या 6500 पहुंच गई है। हर दिन करीब 400 नए मामले सामने आ रहे हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1957 केस हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट्स से अब तक 11 राज्यों में 65 मरीजों की मौत हुई हैं। इनमें से 58 मौतें बीते 10 दिन में हुई हैं। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 18 लोगों ने जान गंवाई है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सोमवार को 3 डॉक्टर सहित 6 नए केस सामने आए। इसके बाद से जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है। मध्यप्रदेश में फिलहाल 43 सक्रिय केस हैं।कोरोना के बढ़ते मामले के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों से बैठक की। ममता ने कहा कि उम्मीद है कि महामारी दोबारा न लौटे, लेकिन हमें तैयार रहना होगा। राज्य के सरकारी अस्पतालों में इलाज की पूरी व्यवस्था है, ऐसे में लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

**ग्वालियर में 3 डॉक्टर पॉजिटिव, स्वास्थ्य विभाग सतर्क**

दिल्ली में अपार्टमेंट के सातवें फ्लोर पर आग लगी

## दो बच्चों और पिता ने बालकनी से छलांग लगाई; तीनों की मौत

**नई दिल्ली.** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-13 स्थित शबद अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल के एक फ्लैट में मंगलवार सुबह आग लग गई। फ्लैट के अंदर एक पिता अपने दो बच्चों (एक लड़का-एक लड़की) के साथ फंस गए थे। बचने के लिए 10 साल के दोनों बच्चों ने बालकनी से छलांग लगाई। उनके साथ उनके पिता यश यादव (35) ने भी छलांग लगा दी। तीनों को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिल्ली फायर सर्विस ने बताया कि उन्हें सुबह 10़01 बजे इस घटना की सूचना मिली, जिसके बाद तुरंत आठ फायर टेंडर मौके पर भेजे गए। दमकल कर्मियों ने बिना देर किए बचाव और आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया था। दोपहर 12:30 बजे फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी ने बताया कि इस घटना में 5 लोग घायल हुए थे.

उपलब्धि — तूफान का सामना करते सेशेल्स तक 6500 किमी समुद्री मील की यात्रा की

## सिरसा की बेटी मेजर कर्मजीत ने रचा इतिहास



नई दिल्ली (एजेंसी)

मन में कुछ कर गुजरने का माद्दा हो और इरादे दृढ़ हों तो मुश्किल से मुश्किल मुकाम को भी आसानी से पाया जा सकता है। समुद्र की गर्म लहरों और थकान का सामना करते हुए भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की महिला अधिकारियों की टीम ने मेजर कर्मजीत कौर रंधावा के नेतृत्व में इतिहास रच दिया है।

इस इतिहास की साक्षी बनी है सिरसा के गांव कंगनपुर निवासी एडवोकेट रिछपाल सिंह की होनहार बेटी मेजर कर्मजीत कौर। तूफानों, थकान और तूफानी समुद्र का सामना करते हुए सेशेल्स तक 6500 किमी समुद्री मील की ऐतिहासिक समुद्री यात्रा भारतीय निर्मित समुद्री जहाज से सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद टीम मुंबई लौट आई। रविवार को मेजर कर्मजीत कौर सिरसा पहुंची, जहां परिजनों व ग्रामीणों ने बेटी को सर आंखों पर बैठाया और उसके प्रयासों की सराहना करते हुए इसे दूसरी बेटियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया।

कर्मजीत कौर के परिवार में उनके पिता एडवोकेट रिछपाल सिंह रंधावा, माता राजविंद्र कौर व भाई एडवोकिट अर्शप्रीत सिंह रंधावा हैं।

बतौर मेजर कर्मजीत कौर रंधावा उसका शुरू से ही लक्ष्य था कि वह सेना में जाए। उसने कई टेस्ट दिए और आखिरकार उसकी मेहनत रंग लाई और उसका 2015 में चयन फौज में हो गया। वह अभी मुंबई में कार्यरत है। उसने बताया कि सात अप्रैल को मुंबई से इस अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

### प्रोजेक्ट पर करोड़ों खर्च

इस टीम में भारतीय सेना की लेफ्टिनेंट कर्नल अनुजा, मेजर कर्मजीत कौर, मेजर तान्या, कैप्टन ओमिता, कैप्टन दौली, कैप्टन प्राजक्ता, भारतीय नौसेना की लेफ्टिनेंट कमांडर प्रियंका और भारतीय वायु सेना की स्क्वाड्रन लीडर विभा, स्क्वाड्रन लीडर श्रद्धा, स्क्वाड्रन लीडर अरुवी, स्क्वाड्रन लीडर वैशाली शामिल थीं।

स्वदेश निर्मित 56 फीट लंबे जहाज त्रिवेणी पर सवार सभी महिला चालक दल ने दो महीने तक खुले समुद्र की कठोर परिस्थितियों में उष्णकटिबंधीय तूफानों, समुद्र की उच्च स्थितियों और लंबे समय तक थकान से जूझते हुए यात्रा की। मेजर कर्मजीत कौर ने कहा कि यह सरकारी प्रोजेक्ट था, जिसपर करोड़ों रुपए खर्च हुआ। यह मिशन भारत के रक्षा परिदृश्य में अग्रणी योगदानकर्ताओं के रूप में महिलाओं की उभरती भूमिका को रेखांकित करेगा। अभी तक भारतीय समुद्रों का भ्रमण किया गया है, लेकिन अब टीम अन्य देशों के समुद्रों का भी इसी प्रकार से भ्रमण कर एक नया इतिहास रचने का काम करेगी।

## बनास-नदी में डूबने से जयपुर के 8 युवकों की मौत

### पिकनिक मनाने गए थे, एक-दूसरे को बचाने में डूब गए, मरने वालों में जीजा-साले भी

**नई दिल्ली.** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-13 स्थित शबद अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल के एक फ्लैट में मंगलवार सुबह आग लग गई। फ्लैट के अंदर एक पिता अपने दो बच्चों (एक लड़का-एक लड़की) के साथ फंस गए थे। बचने के लिए 10 साल के दोनों बच्चों ने बालकनी से छलांग लगाई। उनके साथ उनके पिता यश यादव (35) ने भी छलांग लगा दी। तीनों को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिल्ली फायर सर्विस ने बताया कि उन्हें सुबह 10:01 बजे इस घटना की सूचना मिली, जिसके बाद तुरंत आठ फायर टेंडर मौके पर भेजे गए। दमकल कर्मियों ने बिना देर किए बचाव और आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया था। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

### फायर डिपार्टमेंट ने बताया-दो लोग अब भी घायल

दोपहर 12:30 बजे फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी ने बताया कि इस घटना में 5 लोग घायल हुए थे, जिन्हें पास के अस्पतालों में ले जाया गया। 4 लोगों को आकाश अस्पताल और 1 व्यक्ति को इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आकाश अस्पताल में भर्ती दो बच्चों को वहां के ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति को भी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल दो का इलाज जारी है। सभी घायलों को दिल्ली फायर सर्विस के पहुंचने से पहले ही अस्पताल भेज दिया गया था। दिल्ली के नांगलोई में फरवरी में दो मंजिला घर में आग लग गई। दोनों मंजिल आग की चपेट में आ गईं। इस दौरान कई लोग बिल्डिंग में फंस गए। 6 लोगों ने बिल्डिंग के सेकेंड फ्लोर से कूदकर जान बचाई। हालांकि, उन्हें चोट आई है। सभी अस्पताल में एडमिट हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित

सतना। सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान बताया कि सतना जिले 20वें स्थान पर है। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बताया कि जिन विभागों के प्रकरण अधिक संख्या में लंबित है। सीएम हेल्पलाइन और ई-केवायसी कार्य का निराकरण तीन दिवस में करना सुनिश्चित करे। बैठक में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सहायक कलेक्टर अनिकेत शाडिल्य, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, आरएन खरे, जितेंद्र वर्मा, सुधीर बेक, एएसपी शिवेश सिंह बघेल सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला 12 से 26 तक

सतना। शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 12 जून से 26 जून तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 12 जून को जनपद पंचायत रामपुर बघेलान, 13 जून को जनपद पंचायत मझगवां, 16 जून को जनपद पंचायत उचेहरा, 17 जून को जनपद पंचायत नागौद, 18 जून को शासकीय आईटीआई सतना (युवा संगम), 19 जून को शासकीय आईटीआई मैहर (युवा संगम), 20 जून को जनपद पंचायत सोहावल, 23 जून को शासकीय आईटीआई अमरपाटन, 24 जून को जनपद पंचायत मैहर, 25 जून को जनपद पंचायत रामनगर एवं 26 जून को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद हेतु आयु 19 से 40 वर्ष तथा योग्यता 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

### कल पिपरी टोला में रहेंगे जिला सैनिक कल्याण अधिकारी

सतना। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) द्वारा जिले के भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ के कल्याणार्थ जानकारी तथा उनकी समस्याये सुनने के लिये 11 जून को प्रातः 11.30 बजे तहसील बिरसिंहपुर के पिपरी टोला में उपस्थित रहेगें। जिसमें सभी भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।



# बारिश से पहले एक्शन मोड में आया प्रशासन

## कलेक्टर ने ली आपदा प्रबंधन व बाढ़ नियंत्रण संबंधी बैठक



नगर संवाददाता, सतना।

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले में आगामी वर्षा काल में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से उत्पन्न स्थितियों में राहत और बचाव संबंधी सभी तैयारियां मानसून के पूर्व तक सुनिश्चित कर लेने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ राहत एवं बचाव संबंधी तैयारियों की बैठक में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों एवं निचले स्थानों के संभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत एवं बचाव की पूरी तैयारी रखें। बैठक में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सहायक कलेक्टर अनिकेत शाडिल्य, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, आरएन खरे, जितेंद्र वर्मा, सुधीर बेक, एएसपी शिवेश सिंह बघेल सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### तहसील स्तर पर लगे वर्षा माफी यंत्रों की करें जांच

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस सीजन में अच्छी वर्षा की संभावना व्यक्त की जा रही है। कलेक्टर ने तहसील स्तर के सभी वर्षा मापी केन्द्रों का निरीक्षण व जांच करने के निर्देश एवं जिन केन्द्रों के वर्षा मापी यंत्र खराब है। उन केन्द्रों पर नये वर्षा मापी यंत्र लगाने के निर्देश एसडीएम को दिये। साथ ही वर्षा मापी केन्द्रों में कार्यरत कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये।



### वर्षा से पहले कराएं नालों की साफ-सफाई

उन्होंने वर्षा पूर्व सभी नालों की साफ-सफाई कराने, संवेदनशील क्षेत्रों का सतत निरीक्षण कर चिन्हिंत करने, अतिक्रमण हटाने एवं पानी की निकासी हेतु अतिक्रमण को तुरंत हटाने जनपद पंचायत के सीईओ तथा नगरीय निकाय के सीएमओ को इस संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिये। अतिवर्षा एवं बाढ से निपटने की पूर्व तैयारियां व कार्यवाही विभागवार सौपे तथा अतिवर्षा से हुई क्षति का आंकलन कर जानकारी तैयार कर पोर्टल में दर्ज कराने के निर्देश दिये गये। जीर्ण-शीर्ण भवनों को गिराने, खाली कराने की कार्यवाही शुरू करें। जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण कर जीर्ण-शीर्ण स्कूल भवनों को चिन्हित कर जानकारी देना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने बताया कि खनिज विभाग की जिन खदानों में बच्चों के डूबने की घटनायें होती है।

### पुल-पुलिया में पानी बढ़ने पर लगाएं बैरियर व सूचना बोर्ड

जिले के जनपद पंचायत के सीईओ और नगरीय निकाय के सीएमओ से जल-जमाव से प्रभावित होने वाले इलाकों की सूची मंगाए और आवश्यकता पड़ने पर प्रभावितों को कहां शिफ्ट किया जाएगा, उन स्कूल, पंचायत अन्य भवनों की सूची भी मंगाए। कलेक्टर ने लोक निर्माण और पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को पुल-पुलिया पर पानी की स्थिति में बैरियर एवं सूचना पटल लगाने के निर्देश दिये।

### इन पर भी फोकस

- कलेक्टर ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय एक सप्ताह के अंदर नाले और नालियों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लें, ताकि जल-जमाव नहीं हो।
- कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग को बड़े बांधों के जल स्तर पर निगाह रखने और बरसात में क्षतिग्रस्त हो सकने वाले बांधों की मरम्मत के निर्देश भी दिये।
- ग्रामीण बस्तियों में आबादी के नजदीक के तालाबों को भी सूचीबद्ध करके रखें। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी अभी से 24 घंटे कार्यरत रखने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये।
- कलेक्टर ने बैठक में जिला होमगार्ड और तहसील स्तर पर उपलब्ध उपकरण एवं संसाधनों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि सभी बचाव उपकरण को चालू हालत में रखें और स्थानीय गोताखोर या तैराकों की लिस्ट भी बनाए ।

### स्थापित करें बाढ़ नियंत्रण केन्द्र

कलेक्टर ने कहा कि जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण केन्द्र स्थापित कर कर्मचारियों की डयूटी लगायें। तहसील स्तर पर भी बैठक लेकर तैयारी एवं व्यवस्था संबंधी कार्य एसडीएम, सीईओ तथा पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करें।

# दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले में तीन गिरफ्तार

## कोलगवां थाने में दुष्कर्म के दो मामले दर्ज

नगर संवाददाता, सतना।

सोमवार को जिले के दो थाना क्षेत्रों में दुष्कर्म और छेड़छाड़ के कुल तीन मामले सामने आए। इस दौरान पुलिस ने तीनों आरोपियों को प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

दुष्कर्म के दो मामले कोलगवां थाना क्षेत्र के हैं जबकि छेड़छाड़ का मामला सिंहपुर का है। बताया जाता है कि कोलगवां पुलिस ने सिद्धार्थ इलाके में किराए से रहने वाली 13 वर्षीय आदिवासी लड़की का अपहरण और दुष्कर्म करने के मामले में सुनील मवासी पिता चुन्नू मवासी 19 वर्ष निवासी चकर थाना को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 64 (2) (डी) बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार से हनुमान नगर नई बस्ती में रहने वाली लड़की से दुष्कर्म के मामले में आरोपी अतुल साकेत पिता अर्जुन साकेत 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर 11 फरवरी 2025 को लड़की के साथ दुष्कर्म किया था।



इस मामले में कोलगवां थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 447/25 धारा 69 बीएनएस का मुकदमा पंजीबद्ध किया गया था। वहीं सिंहपुर थाना पुलिस ने लड़की से छेड़छाड़ के मामले में 44 वर्षीय ब्रजेन्द्र चतुर्वेदी उर्फ राजू पिता ब्रजकिशोर चतुर्वेदी निवासी पुरुषोत्तमपुर थाना सिंहपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने बीते 6 जून को शाम करीब 5 बजे बगिया में घुसकर लड़की के साथ छेड़छाड़ की थी।

# बदेरा में प्रभारी मंत्री ने रिमोट से उड़ाया ड्रोन

- विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को दी गई जानकारी

नगर संवाददाता, सतना।



खरीफ सीजन को दृष्टिगत रखते हुये कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक तकनीकी जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, धान की सीधी बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अग्रणी कृषकों को जोड़ने, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन, उद्यानिकी, पशुपालन को लक्ष्यगत करते हुये किसानों को जानकारी दी गई।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सोमवार को पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री राधा सिंह तथा मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की उपस्थिति में ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन किया गया। प्रभारी मंत्री ने अपने हाथ में रिमोट लेकर स्वयं ड्रोन उडाया। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां के वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को सामयिक सलाह, जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि मनोज कश्यप सहित कृषि, उद्यानिकी, अभियांत्रिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं अन्य संबधित विभागों के जिला एवं विकासखण्ड के अधिकारी, कर्मचारी एवं लगभग 450 कृषक उपस्थित रहे।

इसी प्रकार विकासखण्ड के 03-03 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम अनुसार जनप्रतिनिधियों, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, कृषि एवं एलाइड विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि, प्रगतिशील कृषक की उपस्थिति में आयोजित किया। जिसमें विकासखण्ड सोहावल के ग्राम पंचायत माधवगढ, सकरिया, रामस्थान, विकासखण्ड रामपुर बाघेलान के ग्राम पंचायत रजरवार, अधरवार, घोरकाट, विकासखण्ड मझगवां के ग्राम पंचायत तिघरा, बदेरा कला, हरदुआ, विकासखण्ड नागौद के ग्राम पंचायत कलावल, नौनिया, गंगवरिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# पोखरवार में आवागमन के लिए सड़क निर्माण की मांग



नगर संवाददाता, सतना।

हनुमान धारा मध्य प्रदेश के ऊपर बसे गांव पोखरवार उत्तर प्रदेश सीमा में आवागमन के लिए सड़क निर्माण कराए जाने की मांग रमाकांत शुक्ला समन्वयक एवं तकनीकी सलाहकार लोकसभा क्षेत्र सतना ने मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश द्विवेदी से की है। विधायक से मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि हनुमान धारा के ऊपर ग्राम पोखरवार बहुत पुरानी बस्ती है जो कि आदिवासी पिछड़ा वर्ग बाहुल्य क्षेत्र है।

इसके साथ ही चित्रकूट में आने वाले तीर्थ यात्रियों तथा वृद्धजन अपने साधनों से हनुमान धारा, सीता रसोई के दर्शन के लिए जाते हैं, परन्तु उत्तर प्रदेश सीमा में लगभग 1.5 किलोमीटर पहाड़ी इलाका है, जिसमें पत्थर, बोल्डर होने के कारण वाहन गुजरने में असुविधा होती है। इसके आगे मध्य प्रदेश की सीमा से हनुमान धारा तक डोमर युक्त रोड बनी हुई है। यदि उपरोक्त सड़क का निर्माण उत्तर प्रदेश सीमा में करा दिया जाए तो आने वाले तीर्थ यात्रियों को काफी सुविधा मिल सकेगी। यहां कुछ ऐसे यात्री भी आते हैं जो सीढ़ी चढ़ कर हनुमान धारा नहीं पहुंच पाते और रोपवे से जाने के लिए पैसा खर्च करने में सक्षम नहीं रहते।

## श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन सुनाई गई श्रीकृष्ण लीला की कथा

# गोवर्धन पर्वत हरियाली का प्रतीक, प्रकृति से मानव का जीवन सुरक्षितः डॉ. विपिन

नगर संवाददाता, सतना।



सरभंग मुनि की पावन तपोस्थली में सरभंगा टाइगर रिजर्व बनाए जाने के लिए आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा संकल्पित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में कथा व्यास बड़े देव स्वामी आश्रम के महंत भागवत भास्कर आचार्य डॉ. विपिन कृष्ण महाराज ने भगवान बालकृष्ण के बाल चरित्र और माखन चोरी की लीला गौचारण की कथा श्रवण कराई । भगवान की मधुर मधुर कथाएं कालिया नाग की कथा व सांय की बेला गोवर्धन भगवान की पूजा धूमधाम से की गई और महाराज श्री ने बताया कि गोवर्धन पूजा हरियाली का प्रतीक है । प्रकृति है तो मानव जीवन सुरक्षित है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर रमेश मिश्रा अमिरती,कैलाश सिंह बुंदेला,ठाकुर प्रसाद मिश्रा,कुलदीप सिंह पगार,राजेंद्र सिंह खोरड़ी,अंकित शुक्ला सभापुर,मंटी मिश्रा,बिब्बी मिश्रा,शिवा यादव,रोहित केवट,विक्रम पांडेय,पंकज मिश्रा,शिवा यादव का अतुलनीय सहयोग प्राप्त हो रहा वहीं इस समय सरभंगा आश्रम में सरभंगा टाइगर रिजर्व के समर्थकों व प्रेमियों का जान सैलाब देखने को मिलता है।

# कल से गुरू होंगे अस्त, मांगलिक कार्यों पर लगा विराम

नगर संवाददाता, सतना।

11 जून से मांगलिक कार्य बंद हो जायेंगे। 11 जून को गुरु अस्त होने के कारण शादियों का मुहूर्त नहीं है। गुरु अस्त एक महीने तक रहेगा। इसी बीच 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी शुरू होगी. इसके साथ ही चातुर्मास शुरू हो जायेगा। इस कारण चार माह तक विवाह मुहूर्त नहीं है। शादियों का शुभ योग 18 नवंबर से शुरू होगा।

### शुभ कार्यों पर रहती है रोक

पं. संजय पाठक ने बताया कि इस साल जून महीने में ही गुरु अस्त होने के कारण चातुर्मास शुरू होने से एक महीने पहले ही विवाह, गृह प्रवेश, उपनयन, मुंडन संस्कार, गृहारंभ का मुहूर्त नहीं है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, गुरु 11 जून से 9 जुलाई तक अस्त रहेगा. इस अवधि में कोई भी शादी, सगाई, गृह प्रवेश, जनेऊ, यज्ञोपवीत, मंदिर प्राण प्रतिष्ठा जैसे आयोजन नहीं किए जाएंगे।



### 6 जुलाई से शुरू होगा चातुर्मास

गुरु अस्त के दौरान ही 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी है, जिससे चातुर्मास का प्रारंभ हो जाएगा। चातुर्मास हिन्दू पंचांग के अनुसार वह समय होता है जब भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं। यह काल आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी (इस वर्ष 6 जुलाई से 1 नवंबर ) तक चलता है। चातुर्मास के दौरान सभी शुभ और मांगलिक कार्यों पर धार्मिक रूप से पूर्ण विराम लगा दिया जाता है। इस समय को धार्मिक अनुशासन, संयम, उपवास, साधना और तीर्थ यात्रा के लिए श्रेष्ठ माना गया है।

## मौसम — 43 डिग्री के करीब पहुंचा अधिकतम पारा, रात में भी उछाल

# पश्चिमी हवाओं ने बढ़ाया तापमान, गर्मी ने किया बेहाल

नगर संवाददाता, सतना।

मानसून आने से पहले तेज गर्म हवाओं ने शहर में दिन व रात का पारा बढ़ा दिया है। पिछले 6 दिनों में अधिकतम तापमान में 8 डिग्री की तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। रविवार को अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। वहीं सोमवार को इसमें मामलू बढोत्तरी दर्ज की गई और पारा 42.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान जो कि रविवार को 28.5 डिग्री था इसमें डेढ डिग्री की बढोत्तरी होने के साथ ही तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिम दिशा से आ रही गर्म हवाओं के कारण तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है। हालांकि हवा में नमी होने से बादलों की हल्की सक्रि यता बनी हुई है।



### सुबह से चलने लगती है लू


सुबह से तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों से निकलने में हिचकिचाए। दोपहर में शहर और ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर सन्नाटा छा गया। शाम के बाद ही लोग घरों से बाहर निकले, जिससे सड़कों पर फिर भीड़ नजर आई। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक तापमान में बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी रहेगा।

### 15 से आ सकता है मानसून

मौसम वैज्ञानिक अधिकारी आरके श्रीवास्तव ने बताया कि अभी कुछ दिनों तक तामपान कम होने की संभावना नजर नहीं आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार एमपी में मानसून आने के पहले लू चलेगी। यही वजह है कि जिले में इसका असर साफ नजर आ रहा है। पिछले करीब 10 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में ही अटका है। इसके 3 से 4 दिन बाद ही आगे बढ़ने की संभावना है। इस प्रकार से जिले में मानसून 15 जून तक ही आ सकता है।

### बच्चों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा असर

गर्मी का असर सबसे ज्यादा बच्चों पर पड़ रहा है। गर्मी में बच्चों के बीमार होते ही अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के कारण उल्टी दस्त, बुखार, पेट में दर्द, सांस की बीमारी आदि रोग बच्चों में हो रहे हैं। ज्यादातर बच्चे उल्टी दस्त के अलावा वायरल फीवर से भी परेशान हो रहे हैं। रोजाना 25 से तीस बच्चे सरकारी अस्पताल में गर्मी से होने वाली बीमारी से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीज उपचार करा रहे हैं।



### उल्टी-दस्त व पेट दर्द की बीमारी ने दी दस्तक

मौसम में बदलाव के साथ ही उल्टी-दस्त व पेट दर्द की बीमारी ने दस्तक दे दी है। पिछले कई दिनों से रोजाना ओपीडी के सामान्य विभाग में ऐसे 50 से अधिक मरीज पहुंचे रहे हैं जिन्हें उल्टी-दस्त व पेट दर्द की शिकायत रहती है। गर्मी से उल्टी-दस्त, पेट दर्द के साथ ही डायरिया जैसे लक्षण भी लोगों में नजर आ रहे हैं। चिकित्सकों की माने तो डायरिया एक जल जनित बीमारी है। गर्मी बढ़ते ही लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए कहीं से भी खरीदकर पानी पीना शुरू कर देते हैं। इसके अलावा टैंकरों व सप्लाई का पानी भी कई बार खराब आ जाता है। इसलिए लोगों को इस मौसम में हमेशा साफ पानी या पानी को उबाल कर ही पीना चाहिए।



# गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर सेठी परिवार ने की छबील सेवा

नगर संवाददाता, सतना।

सिख पंथ के पांचवें गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर सिटी कोतवाली चौराहे पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चालीहा शहीदी दिवस पर सेठी परिवार द्वारा छबील सेवा सोमवार 9 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक की गई।

जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने जिले व दूरदराज से आएं राहगीरों,नगरवासियों को ठंडी कच्ची लस्सी व शरबत वितरण किया। इस अवसर सतना नगर निगम के महापौर योगेश ताम्रकार भी सेठी परिवार द्वारा चलाई जा रही छबील सेवा में भाग लेकर इस पुण्य कार्य के लिए सेठी परिवार को साधुवाद दिया।

वरिष्ठ समाजसेवी रवीन्द्र सिंह सेठी ने कहा सिख समाज के पांचवें गुरु अर्जुनदेव जी सिख धर्म में सबसे पहले शहीदी गुरु थे। छबील सेवा कार्यक्रम की संयोजक पूर्व पार्षद अवनीत कौर सेठी व सेवा करने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी मणिकांत महेश्वरी, श्रीराम मिश्रा, बृजेश शुक्ला, अन्ना जायसवाल, शिवम बधोलिया, डा.हरकिरन बाबा, सुनीता जैन, मीनल जायसवाल, मीनाक्षी चोपड़ा, शालिनी सिंह, नमिता वोरा, मानसी चोपड़ा माधवी श्रीवास्तव, यासमीन नयनदीप सिंह सेठी, उजस सिंह सेठी, अशोक चक्रवर्ती, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अठध्यक्ष राजपाल सिंह भाटिया कमलजीत सिंह सेठी मलकिंदर सिंह,आज्ञा सिंह बेदी, बब्बल भाटिया, पार्थ खुल्लर सौरभ सिंह, दिव्यांशु ग्रोवर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझियार द्वारा मनाईं गई पुण्यतिथि



**रीवा संवाददाता।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी रीवा के मार्गदर्शन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझियार द्वारा जल-जगंल-जमीन एवं आदिवासियों के हक व अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले 19वीं सदी के महान आदिवासी नेता एवं लोकनायक बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथी के अवसर पर ग्राम पंचायत मनकहरी में बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं संगोष्ठी सभा का आयोजन कर उनके द्वारा देश की अखंडता एकता में किए गए योगदान को कांग्रेस जनों ने आम जनता के बीच में पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सीताराम तिवारी मंडलम अध्यक्ष मनकहरी रावेद्र तिवारी, जिला सचिव आनंद द्विवेदी,सेक्टर अध्यक्ष समय लाल आदिवासी, विनोद तिवारी, दिनेश पाण्डेय, अनिल तिवारी, विजय तिवारी, सशीभूषन तिवारी,दशरथ साकेत, नीरज तिवारी,प्राशू तिवारी, रामशूत विश्वकर्मा, अंशुमान तिवारी, कमलेश साकेत,धर्मेंद्र तिवारी, बुद्धसेन कोल ,मुंडली साकेत, अजय तिवारी ,मुंशी कोल, एवं कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

# कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में स्थापना दिवस पर काव्य रस की अमृतवर्षा

## शशिकांत यादव के ओजस्वी संचालन में गूंजा हास्य, व्यंग्य और ओजपूर्ण राष्ट्रभक्ति का स्वर







**कर्म की दिशा तब पावन हो जाती है, जब उसमें स्वार्थ नहीं, बल्कि परमार्थ की भावना जुड़ जाती है। यदि हमारी इच्छाशक्ति केवल निजी सफलता तक सीमित न रहकर लोक-कल्याण से जुड़ जाए, तो वह कर्म न केवल फलदायी होता है, बल्कि समाज को भी दिशा देता है।**

रीवा, नगर संवाददाता।

विंध्य क्षेत्र की शिक्षा, संस्कृति और प्रतिभा को समर्पित कृष्णा शैक्षणिक समूह मनगवां द्वारा 8 जून 2025 को अपना स्थापना दिवस समारोह एक बार फिर गरिमामयी स्वरूप में मनाया गया। यह बहुचर्चित आयोजन जेएनसीटी एवं के जी आई ग्रुप के चेयरमैन वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर एस एस तिवारी जी के सानिध्य में श्रीकृष्णा फार्मेसी कॉलेज, मनगवां के परिसर में भव्य तरीके से आयोजित किया गया। इस वर्ष का यह कार्यक्रम अपरेशन सिंदूर को समर्पित रहा। जिसमे राष्टभक्ति, रामभक्ति, शिक्षा, साहित्य और संस्कृति का संगम देखने को मिला। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक संध्या नहीं बल्कि शब्दों के माध्यम से भावनाओं, चिंतन और हास्य का ऐसा संगम था जो देर रात तक श्रोताओं के हृदय में गूंजता रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की आराधना से हुई,तत्पश्चात आए हुए अतिथियों का चेयरमैन डॉ एस एस तिवारी जी और डायरेक्ट डॉ मनोज तिवारी ने पुष्प गुच्छ और साल श्री फल से स्वागत कर स्मृति चिह्न भेंट किया। तत्पश्चात देश भर से आए हुए कवियों का भी स्वागत किया गया। जहां एक ओर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में प्रदेश स्तर पर प्रवीण सूची में स्थान बनाने वाले विंध्य क्षेत्र की मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, वहीं दूसरी ओर अभिभावक सम्मेलन का आयोजन भी किया गया,जिससे अभिभावकों में काफी उमंग और उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि डॉ एस एस तिवारी आधुनिक शिक्षा के अग्रदूत रहे है, अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में सांसद जी ने शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन के स्तर को ऊँचा उठाने का साधन है। शिक्षा से ही जीवन में दिव्यता और श्रेष्ठता का संचार होता है। यही वह माध्यम है, जो व्यक्ति को जीवन की सिद्धि के पथ पर अग्रसर करता है। वही कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवम् देवतालाब विधायक माननीय गिरीश गौतम जी ने अपने सारगर्भित उद्ब्रोदन में कहा कि डॉ एस एस तिवारी जी के पावन संकल्प से संचालित यह संस्थान न केवल शैक्षणिक एवम तकनीकी उत्कृष्टता का केन्द्र बना हुआ है, अपितु समाज व राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से एक संस्कारधर्मी पीढ़ी का निर्माण भी कर रहा है। माननीय गौतम जी ने यह भी कहा कि संस्थानों का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि दैवत्त्वयुक्त मनुष्यता और चरित्रवान नागरिकों का निर्माण होना चाहिए। इस ग्रुप से ऐसे छात्र निकल रहे है और निकलेंगे जो न केवल समाज के लिए उपयोगी होंगे, बल्कि अपने राष्ट्र की संस्कृति, मर्यादा और मूल्यों के संवाहक भी बनेंगे।उनके वक्तव्य ने उपस्थित छात्रों, अभिभावकको,शिक्षकों एवम् अगंतुको के हृदय में नव प्रेरणा का संचार किया। मंगवा विधायक नरेंद्र प्रजापति ने अपने प्रेरणादाई उद्बोधन में इस ग्रुप से अपने पुराने संबंधों का जिक्र किया शिक्षण संस्थान की तरफ से जिले एवं क्षेत्र से आए सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन दिया एवं आभार प्रकट किया।

### शब्दों की सेना के सेनापति बने शशिकांत यादव

कवि सम्मेलन की मंच संचालन की बागडोर संभाली ओज के सशक्त स्वर श्री शशिकांत यादव (उज्जैन) ने, जिनकी ओजस्वी वाणी और तीखे शब्दों ने पूरे कार्यक्रम को ऊर्जावान बनाए रखा। वे मंच के सेनापति की तरह कवियों की फौज को दिशा देते रहे। मंच पर एक से बढ़कर एक कवियों ने अपनी उपस्थिति से श्रोताओं को आनंदित कर दियाबिहारी लाल अंबर (हास्य), प्रयागराज - ने समसामयिक मुद्दों पर तीखा हास्य प्रस्तुत कर दर्शकों को ठहाकों से लोटपोट कर दिया। लवलेश यदुवंशी (ओज), प्रतापगढ़ - की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविताएं युवाओं के दिलों में जोश भरती रहीं। अमित कुमार शुक्ला (हास्य), रीवा - ने आम जीवन के अनुभवों को मजाकिया अंदाज में प्रस्तुत किया। डॉ. संदीप वाला (ओज), भदोही - ने वीर रस की दमदार रचनाओं से देशभक्ति की भावना जागृत की। कामता माखन (हास्य), रीवा - ने देसी भाषा और ग्रामीण परिवेश में हास्य का अनोखा संगम प्रस्तुत किया। स्नेहा त्रिपाठी (गीत), देवतालाब - की मधुर आवाज़ और भावपूर्ण गीतों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। सत्येंद्र शुक्ला सजग (हास्य-व्यंग्य), देवतालाब - ने अपनी पैनी दृष्टि और शब्दों की धार से सामाजिक विडंबनाओं पर कटाक्ष किए।

### ऑपरेशन सिंदूर बना कवियों की प्रस्तुति का केंद्रीय भाव

कवि सम्मेलन की विशेषता रही देश के सैन्य बलों और ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्रित कविताएं, जिन्होंने राष्ट्रप्रेम, बलिदान और कर्तव्य की भावना को मंच से जनमानस तक पहुंचाया। कार्यक्रम के अंत में सभी कवियों, अतिथियों एवं विशिष्ट व्यक्तित्वों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। श्रोताओं ने लगातार करतल ध्वनि और 卐एक बार और卐 की मांग से कवियों की सराहना की। रात्रिभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, पर कवियों की पंक्तियाँ और श्रोताओं की तालियाँ देर रात तक वातावरण में गूंजती रहीं। स्थापना दिवस समारोह में मुख्य रूप से मनगवां विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति सत्यनारायण चतुर्वेदी, डॉक्टर एसडी शर्मा शत्रुघ्न सिंह शिव प्रसाद प्रधान विपिन मिश्रा अवध बिहारी पांडे महेंद्र सिंह अतरैला भारत पांडेय, विजेंद्र गुप्ता संजय सोनी विनोद कोल, लवकुश सिंह, अमित सिंह, अजय मिश्रा, मुरलीधर द्विवेदी, अश्वनी गुप्ता जयप्रकाश पांडेय अशोक सोनी देवेंद्र मिश्रा घोराहरा महाराज केपी शर्मा रामनिवास पांडे प्रोफेसर ऋषि कुमार तिवारी मनोज तिवारी,कृष्णमूर्ति मिश्रा, डॉ शिवकुमार शुक्ला, अनिलेश अवस्थी, पूर्व प्राचार्य प्रभात पाण्डेय, जर्नलिस्ट दिवाकर तिवारी, अभय राज सिंह प्रभात तिवारी वशिष्ठ प्रसाद मिश्रा श्याम बिहारी मिश्रा आनंद सिंह कन्हैयालाल मिश्र बृजेंद्र मिश्रा एडवोकेट बालेंद्र तिवारी घनश्याम उपाध्याय दयाशंकर मिश्रा हरप्रसाद मिश्रा डॉ उग्रभान साकेत राम जी शर्मा बब्बू शुक्ला एडवोकेट पंकज मिश्रा शिव बहोर मिश्रा शिव प्रसाद तिवारी कमलेश्वर सिंह शशिकांत तिवारी शिवेंद्र सिंह हरगोविंद सिंह तिवारी डॉक्टर अशोक पीडिया विशंभर पीडिया आनंद शास्त्री प्रमोद उरमलिया म जगजीवन लाल तिवारी डॉक्टर रामकृष्ण शर्मा अरविंद मिश्रा एडवोकेट बृजभूषण मिश्रा एडवोकेट अखिलेश मणि पांडे आदित्य तिवारी, प्रकाश तिवारी विजय तिवारी राम जी मिश्रा त्रिवेणी शंकर तिवारी त्र्यंबक शरण मिश्रा उमाशंकर शुक्ल भैया लाल तिवारी बद्री प्रसाद मिश्रा, डॉ दिनेश तिवारी संतोष शुक्ला मधुसूदन मिश्रा अनिल गुप्ता पत्रकार दिलीप गुप्ता पत्रकार राजेंद्र मिश्रा पत्रकार उमेश मिश्रा बंशीधर द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हनुमना अस्पताल में भारी भ्रष्टाचार, जांच करने की उठी मांग

## रोगी कल्याण समिति के पैसों का हो रहा है बंदरवाट

रीवा, नगर संवाददाता।




एक ओर मध्य प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रयास कर रही है लेकिन दूसरी ओर सरकारी तंत्र से जुड़े लोग सरकार की छवि को धूमिल करने में तुले हुए हैं। मऊगंज जिले के अंतर्गत हनुमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भारी भ्रष्टाचार सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रोगी कल्याण समिति के पैसों का व्यापक तौर पर बंदर वाट किया जा रहा है। स्वास्थ्य से संबंधित सामग्रियों की खरीदी के बाद या तो बेंच दिया जाता है या फिर उसे घर में रखकर इसका उपयोग किया जाता है। कितनी सामग्री खरीदी गयी इसका आंकलन कागजों में तो अंकित है लेकिन हकीकत में उसका रता पता नही है। किस कंपनी का है कितने का है लेकिन बिल वाउचर में कुछ और दिखाया जाता है । इस तरह का बंदरवट स्वास्थ्य केंद्र में पूरी तरह से किया जा रहा है। बात की जाए कभी कभार बिजली गुल हो जाती है एवं डीजल के नाम पर भी व्यापक तौर पर गोलमाल पैसा किया जा रहा है फर्जी बिल वाउचर लगाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत जिम्मेदारों के मिली भगत से झोलाछाप डॉक्टर फल फूल रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन्हीं के संरक्षण में ही झोलाछाप डॉक्टर ग्रामीणों को लूट रहे हैं। यहां मौजूद कुछ बड़े पदों के कर्मचारी हमेशा मुख्यालय से बाहर रहते हैं और जब वित्त संबंधित बिल वाउचर निकलने देना हुआ तब आते हैं कहीं कोई विजिट दौरा नहीं करते लेकिन यात्रा भत्ता का बिल धड़के से निकाला जाता है। बताया गया है कि पिछले माह बहुत सारी चीज का बिल ज्यादातर लगाया गया है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फर्जी वाउचर को बनाकर चेक पेमेंट कर देते हैं और बाद में उसे कमीशन ले लेते हैं।हालांकि बीच में नियम होता है।कि वरिष्ठ अधिकारी मीटिंग लेकर आए हुए की जानकारी लेते हैं।लेकिन यह कभी कोई देखने वाला नहीं है फील्ड के कर्मचारी ही गायब रहते हैं। संबंधित सामाजिक संगठन की जनता जिला प्रशासन से इस संबंध में माग की गई कि ब्लू के साथ बीसीएम बीसीएम बी ए एम सभी की फाइल चेक करें और गड़बड़ी होने पर कठोर कार्रवाई करें। वही बात की शासन के तहत से कायाकल्प के तहत आने वाली राशि का भी व्यापक तौर पर वित्तीय अनियमित की गई है। वही बात किया स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत डिलीवरी के नाम पर भी लूट की जाती है बात की जाए केंद्र के अंतर्गत संचालित किचन कभी कभार ही खुलता है। मरीज को नाश्ता सहित भोजन कभी-कभी मिलता है लेकिन डेली बेस एवं उत्तम व्यवस्था का बिल वाउचर लगाए जाते है। अगर जांच की जाए तो कई भ्रष्टाचार सामने आएंगे। स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत कई डिपार्टमेंट के तले कभी नहीं खुलते। जहां अवस्था का आलम बना रहता है जिसके कारण मरीज इधर से उधर भटकते रहते हैं। हनुमान की जनता मऊगंज कलेक्टर से मांग कर रही है कि हनुमना अस्पताल की जांच किया जाए तो साफ पता चल जाएगा कि कितना दूध में पानी मिलाया जाता है।

**कार्यक्रम** | **बिरसा मुण्डा की 126वीं पुण्यतिथि पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा**

# भगवान बिरसा मुण्डा के बलिदान को हमेशा याद किया जायेगाः इंजी. राजेन्द्र शर्मा

रीवा, नगर संवाददाता।

जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण रीवा के संयुक्त तत्वाधान में भगवान बिरसा मुण्डा की 126वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय में किया गया। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुण्डा के छायाचित्र पर कांग्रेस अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा सहित सभी कांग्रेस जनों ने माल्यार्पण एवं पुष्पंजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा गरीब आदिवासी परिवार के 25 वर्षीय युवक ने जिस साहस एवं शौर्य का परिचय देकर तत्कालीन ब्रिटिश सरकार एवं जागीरदारों की तानाशाही के खिलाफ संघर्ष किया उसे राष्ट्र हमेशा-हमेशा के लिए याद करता रहेगा। स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में भाग लेकर जिस तरह अपनी तीर कमान के बल पर अंग्रेजी हुकुमत से लोहा लिया और अपने प्राणों का बलिदान कर दिया उसके लिए भगवान बिरसा मुण्डा हमेशा याद किये जाएगें। श्री शर्मा ने कहा कि आदिवासियों को जल, जंगल, और जमीन में उनका हक दिलाने के लिए जो संघर्ष किया वह आज के युवकों के लिए प्रेरणा का श्रोत हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार बिरसा मुण्डा को एक जाति विशेष में बांट कर वोट की राजनीत कर रही हैं, जबकि बिरसा मुण्डा न केवल आदिवासी कोल समाज के हैं, वरन् वह समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणादायक हैं उनके बलिदान का हम सबको अनुशीलन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री रवि तिवारी ने किया एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री मोहम्मद रफीक अंसारी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक एवं कांग्रेस महासचिव विद्यावती पटेल, लखनलाल खण्डेलवाल, विमलेन्द्र तिवारी, डॉ अरूणा तिवारी, बबिता साकेत, रमाशंकर सिंह पटेल, संगठन मंत्री ग्रामीण रवि तिवारी, शहर संगठन मंत्री सज्जन पटेल, सत्यनारायण तिवारी, मानवेन्द्र सिंह नीरज, मुस्तहाक खान, के.के. गुप्ता, पंकज उपाध्याय, अनूप सिंह चंदेल, हर्षलाल शुक्ला, बृजवासी प्रसाद मिश्रा, ओंकारनाथ पाण्डेय, धनेन्द्र सिंह बघेल, रवि तिवारी, अशोक पटेल झब्बू, रामकीर्ति शर्मा, अखिलेश द्विवेदी काकू, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, सिद्धनाथ पाण्डेय, दिलीप सिंह लियाकत अली, पटेल, प्रदीप अवस्थी, राजेश मिश्रा बब्बू, डॉ विमल दुबे, राजेन्द्र सिंह रिमारी, नरेश गुप्ता, पंकज शास्त्री, सुरेश वर्मा, जी.पी. त्रिपाठी, मोहम्मद कदीर, चंद्रशेखर पटेल, नित्कर्ष मिश्रा, जगनिवास द्विवेदी, राहुल सिंह एड, शेषमणि तिवारी, अनिल तिवारी, अशोक सोनी, जय प्रकाश श्रीवास्तव, सुशील बढ़ौलिया, आनंद कुशवाहा, रामकृष्ण ताम्रकार, हर्षवर्धन त्रिपाठी, अंजनी द्विवेदी, राजेश तिवारी पप्पी, राम प्रताप वर्मा, नवीन सिंह, सत्यम मिश्रा, अरूण पाण्डेयं, शशिमोल तिवारी, बृजेन्द्र सिंह, मधुर पटेल, सहित सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहें।





## सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करने

# कांग्रेसियों ने किया जल सत्याग्रह आंदोलन

## कमिश्नर को सौंपा गया ज्ञापन



रीवा, नगर संवाददाता।

रीवा जिले के कार्यकारी अध्यक्ष कुंवर सिंह पटेल व प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा बताया कि रीवा जिले के अंदर स्वास्थ्य विभाग जल संसाधन विभाग पीएचई विभाग नगर निगम रीवा पुलिस विभाग मे बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था व शिक्षा विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार कर जनता के पैसे को पानी में बहाया जा रहा है जल सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम से सरकार को चेताया है कि रीवा जिले मे नगर निगम के द्वारा अनुबंधित कचरा प्लांट को 42 करोड़ रूपया का अग्रिम भुगतान रैमकी कंपनी को किया गया इसकी तत्काल जांच कराई जाकर कार्यवाही की जाए रीवा जिले के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में वर्ष 2018 से 2022 के बीच में दो करोड़ 10 लाख 50000 का जिला खनिज मद से खर्च होने बाली राशि में सामान खरीदी में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है उसकी जांच कराई जाए व दोषियों पर तत्काल कार्यवाही की जाए रीवा जिले के अंतर्गत पीएचपी विभाग में जल जीवन मिशन में एक अरब 36 करोड़ की लूट की गई जिसकी तत्काल जांच कराई जाए। रीवा जिले में जल संसाधन विभाग द्वारा नहरो के निर्माण में एक अरब 88 करोड़ की लूट की गई उपरोक्त लूट जल उपभोक्ता संस्था के अध्यक्ष व सक्षम अधिकारियों की मिली भगत से की गई उसकी तत्काल जांच कराई जाए रीवा जिला एवं शहर के अंतर्गत नित नई घटना जिनमें रहजानी, लूट, हत्या एवं बेटियों के साथ अत्याचार पुलिस की निष्क्रियता की वजह से घट रही है तत्काल कार्यवाही की जाए व घटनाओं पर रोक लगाई जाए। रीवा जिला अंतर्गत सेमरिया विधानसभा में धान खरीदी केंद्र बीरखम क्रमांक 2 में खरीफ की फसल में धान खरीदी गई लेकिन आज दिनांक तक भुगतान नहीं किया गया तत्काल जांच कर कर भुगतान कराया जाए। रीवा जिले के सभी अस्पतालों में मरीजो को डॉक्टरों की कमी व व्यवस्थाओं से जूझना पड़ रहा है जिम नकली दवाई डॉक्टरों द्वारा बाहर से दवाई व सामान खरीदवाने से बढ़ रही परेशानियों से निजात दिलाने हेतु तत्काल सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपखंड स्वास्थ्य केंद्र तथा सभी स्वास्थ्य केदो में चिकित्सक सहित समस्त व्यवस्थाएं तत्काल मुहैया कराई जाए

### सरकारी शिक्षकों की मनमानी,विद्यालय पड़ा रहता है खाली

रीवा जिले अंतर्गत समस्त विद्यालयों में शिक्षक सहित स्टाफ की कमी को तत्काल पूरा किया जाए व समस्त शासकीय स्कूलों में निरंतर निरीक्षण के माध्यम से शिक्षा के स्तर को सुधरा जाए सभी शासकीय स्कूलों को सुचारू रूप से संचालित करने का प्रयास किया जाए ताकि कोई भी शासकीय विद्यालय बंद ना हो,रीवा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत शासकीय भूमि औने पौने दाम पर निजी बिल्डरों जिनमे समदडिया सहित अन्य वेल्डर सम्मिलित हैं उन्हें शासकीय रेट से कम दरों पर भूमि की बंदर बांट की गई है जांच कर कर दोषियों पर कानूनी कार्यवाही की जाए रीवा जिले सहित संभाग भर के जिलों में किसने की भूमि नियम विरुद्ध तरीके से अर्जित की जा रही हैं भूमि अर्जन वर्ष 2013 की भूमि अर्जन एवं व्यवस्थापन अधिनियम अंतर्गत अर्जित की जाए वह मुआवजा चार गुना दिया जाए। रीवा जिले के अंतर्गत सड़क व्यवस्था राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मार्गों में आमूल चूल सुधार किया जाए ताकि दुर्घटनाएं कम हो। उपरोक्त समस्त मांगो से संबंधित ज्ञापन पत्र आयुक्त रीवा संभाग रीवा को दिए जा चुके हैं तत्काल कार्यवाही नहीं करने पर सड़क पर आंदोलन होगा। इस दौरान अरुण तिवारी जिला उपाध्यक्ष अरुण गौतम डॉ संजय गौतम कमांडो गणेश सिंह राम कलेश रावत हेमराज साकेत गुड्डू अभिमन्यु त्रिपाठी शेखर पटेल राजेंद्र सिंह इंद्राज सिंह चंद्रमल सिंह,विनय सोनकर,गजेंद्र रजक सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द 11 को वाराणसी में करेंगे पुस्तिका का विमोचन

**रीवा, नगर संवाददाता।** मसन्द सेवाश्रम रायपुर छत्तीसगढ़ के पीठाधीश, सिंधी समाज के संत पूज्य साईं जलकुमार मसन्द साहिब द्वारा देश विदेश में बसे सिंधी समाज के गो सेवा अभियान से जुड़ने के सम्बन्ध में एक पुस्तिका प्रकाशित कराई गई है। पुस्तिका का विमोचन ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज 11 जून को अपराह्न 3 बजे श्रीविद्यामठ वाराणसी में करेंगे। साईं मसन्द साहिब 9 जून को इस सम्बन्ध में वाराणसी पहुंच गए हैं। साईं मसन्द साहिब ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द महाराज के नेतृत्व में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय हिन्दू संगठन परम धर्म संसद 1008 के संगठन मंत्री भी हैं। भारत सहित विश्व के 108 देशों की कुल 1008 धार्मिक एवं सामाजिक प्रतिभाएं इस संगठन में शामिल हैं।

संपादकीय

# 'ऑपरेशन मकड़जाल'

विश्व स्तब्ध है कि यूक्रेन के पास ऐसी जंगी प्रौद्योगिकी भी है, जो 2000 किमी से 6000 किमी की दूरी तक सफल, असरदार, विध्वंसक हमला कर सकती है। जो देश अभी तक यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद करते रहे हैं, वे भी हैरान हैं और आत्ममंथन कर रहे हैं। दरअसल, यूक्रेन ने रूस के काफी भीतर उसके 5 एयरबेस और 41 बॉम्बर, लड़ाकू विमानों को तबाह कर दुनिया को चौंका दिया है। रूस के ये बॉम्बर ऐसे थे, जो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने में भी सक्षम थे। रूस ने इन्हीं विमानों के जरिए यूक्रेन के कई शहरों पर हवाई हमले किए थे और शहरों को खंडहर बना दिया था। यूक्रेन ने ऐसा घातक पलटवार कैसे किया, उसके ब्यौरे सामने आ चुके हैं। रूस की टीमें जांच-पड़ताल करने में जुटी हैं कि यूक्रेन के फर्स्ट पर्सन व्यू ड्रोन एयरबेसों तक कैसे पहुंचे और किसी को भी भनक तक नहीं लगी। रूस सोया रह गया और उसका पूरा तंत्र नाकाम रहा। रूस को करीब 60,000 करोड़ रुपए का नुकसान आंका जा रहा है। कुछ और आंकड़ों का भी विश्लेषण सामने आया है। रूस को अकल्पनीय, अप्रत्याशित नुकसान हुआ है, लेकिन वह अब भी महाशक्ति है और यूक्रेन पर इससे भी घातक और संहारक हमला करने की योजना बनाई जा रही है। अब राजधानी कीव भी राष्ट्रपति पुतिन के निशाने पर है। दरअसल यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें 'कृत्रिम बौद्धिकता' (एआई) से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है, यह रहस्य फिलहाल नहीं खुल पाया है, लेकिन इतना लगता है कि इन ड्रोन्स को 'एआई एलगोरिथ्म' पर प्रशिक्षित किया गया होगा! एलगोरिथ्म कम्प्यूटर विज्ञान की भी एक अवधारणा है। यह किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए दिए गए निर्देशों की एक प्रक्रिया भी है, जिसने रूसी बॉम्बर विमानों की पहचान की और उन पर निर्णायक प्रहार कर उन्हें 'मिट्टी-मलबा' बना दिया। यूक्रेन के इस 'ऑपरेशन मकड़जाल' ने स्पष्ट कर दिया है कि इस ड्रोन हमले ने युद्ध को बदल दिया है। हम किसी पक्ष की जीत या हार की भविष्यवाणी नहीं कर रहे, लेकिन यह एक भयानक सच है कि रूस-यूक्रेन युद्ध 3 साल 3 महीने से जारी है और यूक्रेन अभी पराजित होने की स्थिति में नहीं है। दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता हुई है, लेकिन युद्धविराम के लिए फिलहाल सहमति दूर-दूर तक नहीं दिखती। अब तो पृष्ठभूमि में ड्रोन हमला भी झलक रहा है। हालांकि रूस ने शुरुआत में दावा किया था कि युद्ध 7-10 दिन चलेगा और यूक्रेन पराजय स्वीकार कर लेगा। रूस पर यूक्रेन के इस हमले को 'पर्ल हॉर्बर' हमले के बराबर माना जा रहा है। अमरीका पर उस हमले के बाद ही जापान के हिरोशिमा-नागासाकी शहरों पर अमरीका ने एटम बम गिराए थे। विध्वंस का वह इतिहास सभी जानते हैं और अमरीका को द्वितीय विश्व युद्ध में उतरने को विवश किया गया था। पुतिन के नंबर दो दिमित्री मेदवेदेव ने भी अब परमाणु हमले की धमकी दी है, लिहाजा पूरा विश्व चिंतित है। बहरहाल यदि वर्ष 2024 एफपीवी ड्रोन का था, तो 2025 के बीते सप्ताह तक 'फाइबर ऑप्टिक एफपीवी ड्रोन' का दौर था। यूक्रेन के इस हमले में भारत के लिए भी कुछ सबक निहित हैं। भारत ने अपने लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर, एयरट्रांसपोर्ट में दशकों तक रणनीतिक प्रयास किए हैं, लेकिन 'ऑपरेशन मकड़जाल' एक महत्वपूर्ण पुष्टि करता है कि वायु-शक्ति का भविष्य मानवरहित, एआई संचालित और लंबी दूरी का होगा। भारत ने उस दिशा में शुरुआती कदम उठाए हैं।

# मीडिया की विश्वसनीयता पर उठते सवाल

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

मीडिया की विश्वसनीयता पर उठते सवालों के बीच आकाशवाणी और बाद में दूरदर्शन के शुरुआती वे दिन बरबस याद आ जाते हैं जब आकाशवाणी के नेशनल और प्रादेशिक समाचारों के प्रति आमजन के विश्वास को इसी से समझा जा सकता है कि चौराहों की चाय-पान की दुकानों पर खड़े होकर भी समाचार सुनने में किसीको कोई संकोच ना होकर गर्व महसूस होता था। आकाशवाणी के नेशनल समाचारों की बात हो तो सुबह 8 बजे और रात: पौने नो बजे के समाचार बुलेटिनों की बेसब्री से प्रतीक्षा होती थी तो प्रात:कालीन प्रादेशिक समाचार के साथ ही खासतौर से सायंकालीन सात बजे के प्रादेशिक समाचार को कोई भी प्रदेषवासी मिस नहीं करना चाहता था। आकाशवाणी और दूरदर्शन का यह स्वर्णकाल इस मायने में कहा जा सकता है कि सरकारी नियंत्रण में होने के बावजूद आमआदमी तो क्या पक्ष और विपक्ष के नेतागण भी समाचारों की विश्वसनीयता पर प्रष्न नहीं उठा पाते थे। होता तो यहां तक था कि आकाशवाणी के कार्यक्रमों से लोग अपनी घड़ियों को मिलाया करते थे। विश्वसनीयता का यह कोई आसान काम नहीं था पर उस समय के दिग्गज मीडियाकर्मियों ने अपनी मेहनत, लगन और निष्पक्षता से सींचने का काम किया और उसका परिणाम यह रहा कि उस समय के मीडिया दिग्गजों को समूचे समाज में चाहे वह राजनीतिक स्तर हो, ब्यूरोक्रेटिक स्तर हो या फिर आमजन सभी जगह सम्मान से देखा जाता था। यदि प्रादेशिक स्तर की बात की जाए तो आकाशवाणी जयपुर अजमेर के समाचार संपादक और बादमें दूरदर्शन जयपुर केन्द्र के समाचार एकांश के निदेशक मोहनराज सिंघवी जिन्हे मीडिया जगत में एमआर सिंघवी के नाम से जाना जाता रहा है की मेहनत, निष्पक्षता और मीडिया की स्वतंत्रता की पक्षधरता का ही परिणाम रहा कि मीडिया जगत में एमआर सिंघवी एक ब्राण्ड के नाम से पहचान बनाने में कामयाब रहे। पक्ष-विपक्ष के सभी नेता, समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधियों सहित आमजन में जिस तरह की छवि एमआर सिंघवी की बनी वह आजके मीडिया कर्मियों के लिए ईर्च्छा का कारण बन सकती है तो प्रेरणास्पद भी है। बात में इतना दम की क्या तो मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रीमण्डल के सदस्यगण और क्या ब्यूरोक्रेसी के कर्ताधर्ता एमआर सिंघवी की बात को कमतर समझने की भूल भी नहीं कर सकते थे।

यह आज के समय में अविश्वसनीय कल्पना ही हो सकती है कि 90 के दशक में एमआर सिंघवी के आकाशवाणी जयपुर पिंकसिटी पेट्रोलपंप के पास स्थित आवास पर मिलनेवाले जरुरतमंद लोगों का जमावड़ा इस तरह से लगा रहता था जैसे किसी राजनेता के निवास पर लगा होता था। पीड़ित व्यक्ति के लिए एमआर सिंघवी एक सहारा रहे हैं। इसका कारण भी यह रहा कि यदि काम जायज है और हितकारक है तो सिंघवी जी आने वाले व्यक्ति के सामने ही संबंधित मंत्री से लेकर अधिकारी को फोन करने में किसी तरह का संकोच नहीं करते थे और आने वाले व्यक्ति की आंखें एहसान से बोझिल हो जाती तो काम भी आसानी से हो जाता था। खासबात यह कि बिना जानपहचान भी कोई अपने दुखदर्द को लेकर पहुंच जाता था तो सहयोग करने में कोई कोरकसर नहीं छोड़ते। मैं स्वयं इसका उदाहरण हूं। किसी दिन आकाशवाणी के अनुबंध पर समाचार अनुभाग के लिए लिखित परीक्षा हुई और एक दिन एकाएक घर पर आकाशवाणी से अनुबंध का पत्र आ गया। डिप्लोमा भले ही पत्रकारिता में कर लिया हो पर अनुभव के मामलें में शून्य होने के बावजूद जिस तरह से सिंघवी जी ने मेरे जैसे को तराशा उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मजे की बात यह कि एमआर सिंघवी पोलियों से ग्रसित होने के कारण चलने फिरने में असुविधा के बावजूद किसी के भी सहयोग के लिए उनके साथ जाने को तैयार हो जाते। विकलांगों के लिए उन्होंने संघर्ष करने के साथ ही स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के खेलों का आयोजन, संयोजन व प्रोत्साहन दिया। देवेन्द्र झाझड़िया तो एक उदाहरण मात्र है जिन्हें विश्वपटल पर पहचान सिंघवी जी की प्रेरणा-प्रोत्साहन और सहयोग से ही संभव हो सका।



आकाशवाणी का यह वह जमाना था जब टेलीप्रिंटर और टेलीफोन ही प्रमुख माध्यम होते थे। सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय से समाचारों की डाक आती थी वहीं प्रादेशिक समाचारों में समूचे प्रदेष के प्रमुख समाचारों का समावेश महत्वपूर्ण होता था। ऐसे में लगभग प्रतिदिन समाचार संपादक होने के बावजूद बिना किसी संकोच के फोन से समाचार लेने व स्वयं लिखने तक में संकोच नहीं करने के कारण ही मीडिया जगत में पहचान और विश्वसनीयता बनी। बुलेटिन में खबरों के चयन से लेकर प्रसारण तक तनावरहित वातावरण में काम करना और नए लोगों को प्रोत्साहित करना यही तो सिंघवी जी की पहचान रही। हिम्मत यह कि जयपुर दूरदर्शन निदेशक समाचार रहते हुए तत्कालीन केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री स्व. गिरिजा व्यास के जयपुर में एक ब्यूटीपार्लर के उद्घाटन के समाचार प्रसारित करने के दबाव के बावजूद मीडिया मानदंडों के विरुद्ध बताते हुए प्रसारित नहीं करना सिंघवी जैसे बिड़ला ही कर सकते हैं। इसी तरह से तत्कालीन मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाडिया के पिताजी के देहावसन के समाचार प्रसारण के लिए लाख दबाव के बावजूद विनम्रता से नीति विरुद्ध जाकर समाचार प्रसारित नहीं करने का निर्णय कोई सिंघवी जैसा ही ले सकता है। आज तो केन्द्रीय मंत्री वो भी स्वयं का माईबाप यानी कि स्वयं के विभाग का हो तो उसकी खबर तो क्या आगे पीछे सेवा सुश्रुषा में ही लगे रहने में गर्व महसूस करते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि एमआर सिंघवी कोई ऐसे ही नहीं बनता, कोई ऐसे ही राजनेताओं, पक्ष विपक्ष के छोटे से लेकर बड़े नेताओं, ब्यूरोक्रेट्स सभी के लिए सम्मानजनक अपनी कार्यशैली, निष्पक्षता, निष्ठा और मेहनत से ही बना पाता है। प्रदेश का संभवत: कोई छोटा-बड़ा नेता या अधिकारी ऐसा नहीं होगा जो एमआर सिंघवी के नाम, पहचान और उनकी कार्यशैली का कायल नहीं होगा। इतने विस्तृत केनवास पर पहचान और विश्वसनीयता कोई ऐसे नहीं बन जाती बल्कि यह ईमानदारी, निस्वार्थता और सहायता और सहयोग की भावना के कारण ही हो पाता है। यही सिंघवी जी की पूंजी मानी जा सकती है। समाचार में समाचारत्व है तो उसे बिना किसी पक्षपात के स्थान मिलता वहीं तत्कालीन राज्यपाल जोगेन्द्र सिंह द्वारा रिकार्ड वाइस ओवर प्रसारित कराने के दबाव के बावजूद स्तरीय नहीं होने से प्रसारित नहीं करने का साहस कोई एमआर सिंघवी ही कर सकता है।

यह सब इसलिए कि आज मीडिया की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में खड़ी हो गई है। खासतौर से इलेक्ट्रोनिक चैनलों की विश्वसनीयता पूरी तरह से दाव पर लग चुकी है। चैनलों पर बेसिरफेर की चर्चा और आरोप-प्रत्यारोप का मंच बनना आज आम हो गया है। रही सही कसर सोशियल मीडिया ने कर दी है जहां अपलोड सामग्री भ्रम पैदा करने का काम करने के साथ ही उसकी विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़ी कर देती है यही कारण है कि चैनलों पर समाचार प्रसारित होते समय वीडियो की विश्वसनीयता पर स्वयं चैनल द्वारा सवाल खड़े किया जाना आम है। होना तो यह चाहिए कि जब तक समाचार संपादक स्वयं संतुष्ट नहीं हो जाए तब तक केवल टीआरपी के चक्कर में ऐसे समाचार व वीडियो को प्रसारित ही नहीं करना चाहिएं। क्योंकि यह सवाल दर्शकों के विश्वास को बनाए रखने का हो जाता है। एक समय था जब कोई भी बड़ी घटना हो जाती थी तो लोग आकाशवाणी के आगामी समाचार बुलेटिन पर कान लगाकर पुष्टि होने पर ही विश्वास करते थे। आज अपुष्ट समाचार आम होते जा रहे हैं।

आकाशवाणी के पुराने दिनों और एमआर सिंघवी जैसे व्यक्तित्व व संपादकों के बहाने आज मीडिया की विश्वसनीयता का वहीं पुराना युग देखने का प्रयास किया जाना चाहिए। प्रसारित समाचार की विश्वसनीयता पर कोई सवाल उठता है तो फिर यह मीडिया के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होना चाहिए। मीडिया जगत को आज एमआर सिंघवी जैसे मीडिया दिग्गज की आवश्यकता महसूस हो रही है ताकि मीडिया चाहे इलेक्ट्रोनिक हो या प्रिंट उस पर प्रसारित या प्रकाशित समाचार को वेदवाक्य की तरह विश्वसनीय माना जाए। बदलते हालात में आज यह आवश्यकता अधिक हो गई है क्योंकि समाज आज भ्रमित अधिक हो रहा है तो मीडिया और सोशियल मीडिया ने विश्वसनीयता को ही प्रश्नों के घेरे में खड़ा कर दिया है। समाचार पर प्रश्न उठने की कोई संभावना ही नहीं होनी चाहिए।

# कमर पतली, नजर बिजली, सुराहीदार गर्दन...




हाल ही में एक डॉक्टरी सर्वे सामने आया है जिसमें यह बताया गया है कि आपकी कमर का नाप बताएगा कि आपका लीवर कितना सेहतमंद है। यदि कमर बड़ी है तो सतर्क हो जाना चाहिए क्योंकि यदि कमर का घेरा ज्यादा है इसका मतलब है कि आपका लीवर उस ढंग से काम नहीं कर रहा है जिस ढंग से उसे करना चाहिए। कमर का सुंदरता से चोली दामन का साथ है जिसकी कमर जितनी पतली होती है उसे उतना ही खूबसूरत माना जाता है विशेष कर महिलाओं में। आजकल तो पुरुष भी सिक्स पैक बनाने लगे है उसमें भी कमर का पतला होना बहुत बड़ा रोल निभाता है। कमर में जितनी ज्यादा लचक होती है उतना ही ज्यादा इंसान फुर्तीला होता है । जब दरजी के यहां पेंट सिलवाने जाते हैं तो कमर का ही नाप लिया जाता है और उसी नाप के आधार पर आपका पैंट आपके शरीर को थाम कर रखता है ,द्य कई बार ये भी होता है कि जो कमर भगवान ने कमर के रूप में दी है उसे इंसान धक्का पेल खा खा कर और बिना एक्सरसाइज किए हुए कमरे के रूप में परिवर्तित कर देता है। वैसे पतली कमर पर तो न जाने गीतकारों ने कितने गीत लिखे हैं और वो भी विशेष तौर पर फिल्म की नायिकाओं पर। मसलन फिल्म किस्मत का गीत कमर पतली, नजर बिजली, सुराहीदार गर्दन कयामत से मेरी जां कम नहीं हो तुम इधर जौहर महमूद इन गोवा में नायिका के लिए नायक गा रहा है धीरे रे चलो मेरी बांकी हिरणिया कमर ना लचके हाय सजनिया इधर नवीन निश्चल फिल्म सावन भादो में रेखा को देखकर गाते हैं कान में झुमका, चाल में ठुमका, कमर पे चोटी लटके बरसों पहले राज कपूर की फिल्म बरसात आई थी जिसका यह गाना बड़ा ही मशहूर हुआ था पतली कमर है तिरछी नजर है खिली फूल सी तेरी जवानी तो नई फिल्म लोहा में नायिका और उसकी सहेली अपनी कमर का वर्णन करते हुए गा रही हैं पतली कमर है लंबे बाल हाय रे अल्ला उस पर मेरी उमर सोलह साल और ये गाना तो वैसे ही बहुत ही मशहूर हुआ है तेरे रश्के कमर, तूने पहली नजर जब से मिलाई मजा आ गया यानी कुल मिलाकर शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग कोई है तो वो है कमर वरना हाथ, पैर सर माथे पर भी गाने बन सकते थे लेकिन नहीं बने क्योंकि इन अंगों में वो लचक और वो खूबसूरती नहीं है जो कमर में है। अपनी तो एक ही सलाह है तमाम लोगों को लीवर कितना भी सेहतमंद हो या ना हो लेकिन अपनी कमर का नाप सही-सही रखना चाहिए। लीवर तो पेट के अंदर है कौन देखने जा रहा है लेकिन कमर तो दूर से ही दिखाई पड़ जाती है यदि कमर पतली होगी तो आपकी गिनती सुंदर लोगों में होगी अन्यथा फिर जैसे बड़ी तोंद लेकर लोग घूमते फिरते दिख जाते हैं और जिनके जिनके पैंट शर्ट बनाने में भी दर्जियों को पसीना आ जाता है वैसे ही हालत आपकी भी हो जाएगी। अपनी कमर को संभाल कर रखिए और उसे कमरे में तब्दील मत होने दीजिए।

## अमेरिका को भी नहीं छोड़ा

अपने देश के किसी भी शहर में शादियों के मौसम में जाम लगना आम बात है दूल्हे राजा बेहतरीन बग्घी में या घोड़ी में बैठकर पूरी सड़क घेर कर अपनी बारात निकालते है ।आगे आगे उसके चेले चपाती दोस्त डांस करते रहते हैं उसके आगे बैंड बाजे वाले होते हैं पीछे महिलाओं का हुजूम होता है बारात भी बड़े आराम से अपने गंतव्य तक जाती है क्योंकि बैंड वाले भी दो घंटे का पैसा लेते हैं इसलिए बराती और दूल्हा अपना पूरा पैसा वसूल करने के लिए चींटी की चाल चलता है, उसे इस बात की कोई चिंता नहीं होती कि उसके चक्कर में जाम लग रहा है। अभी तक तो ये जाम अपने ही देश में था लेकिन एक भारतीय ने अमेरिका के न्यूयॉर्क की वॉल स्ट्रीट में अपनी बारात के चक्कर में जाम लगा दिया और बाकायदा एक वीडियो जारी कर के बताया कि हम चार सौ लोगों की बारात ने कैसे वाल स्ट्रीट को जाम कर दिया था। ये भारतीय जो ना करें थोड़ा है अमेरिकी भी सोच रहे होंगे कि ये भारतीय वहीं से अपनी शादी करके क्यों नहीं आ गया यहां क्यों जाम लगाकर हम लोगों की लाई लूटने तैयार है, लेकिन उस इंडियन को कोई फर्क नहीं पड़ता उसे तो अपनी बारात निकालनी थी और वो भी अपने देश की तर्ज पर सो उसने निकाल दी । अमेरिकी सरकार इस बात को लेकर बड़ी चिंतित है कि अमेरिका में इंडियन की संख्या अच्छी खासी है अगर सबने ऐसी बारातें निकालना शुरू कर दिया और जाम लगाना शुरू कर दिया तो क्या होगा तो अपन बता देते हैं कि होगा वही जो मंजूरे दूल्हा और बारात होगा अमेरिका के साथ-साथ और दूसरे देश भी इस बात को लेकर भारी चिंतित हो गए कि जब अमेरिका के वॉल स्ट्रीट पर बारात के चक्कर में जाम लग सकता है तो हम लोगों के यहां भी जाम लगना कोई बड़ी बात नहीं है। सारे देश मिलकर संयुक्त राष्ट्र से अपील कर रहे हैं कि भारतीयों को बारात ले जाने से रोका जाए बारात ले जानी है, निकालनी है, नाच गाना करना है, डीजे बजाना है तो ये सब अपने इंडिया में ही करें।

## दारू की खपत बढ़ गई

हाल ही में एक खबर आई है कि भारत में शराब की खपत तीन गुना बढ़ गई है जबकि अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, जर्मनी जैसे देशों ने इससे दूरी बना ली है लेकिन भारत में दारूखोरों की संख्या जिस गति से बढ़ी है उस गति से दारू की खपत भी लगातार बढ़ती जा रही है। ये भी पता लगा है कि व्हिस्की की बिक्री सबसे ज्यादा है । लोग बाग कहते हैं कि दारू पीना अच्छी बात नहीं है लेकिन यहां तो नए नए लोग शराब पीना शुरू कर रहे हैं और जो पी रहे हैं उनके पैगों की मात्रा बढ़ती जा रही है ।अरे भाई ये तो सोचो कि इन दारूखोरों का देश के रेवेन्यू में कितना बड़ा योगदान है। कोई भी प्रदेश हो उसकी रेवेन्यू का सबसे बड़ा साधन तो शराब से मिलने वाला पैसा ही है यदि वो बंद हो जाएगा तो फिर विकास कैसे होगा? दारूखोर नहीं होंगे तो कितने लोगों की रोजी-रोटी बंद हो जाएगी। चना चबाने वाले, आमलेट बनाने वाले, दारू बेचने वाले बोतल बनाने वाले, खाली बोतल इकट्ठी करने वाले तमाम लोगों की रोजी रोटी इन दारुखोरों के दम पर ही तो चल रही है इनका तो नागरिक अभिनंदन करना चाहिए कि वे अपने स्वास्थ्य की चिंता किए प्रदेश और देश के आर्थिक स्वास्थ को प्रार्थमिकता दे रहे हैं उन्हें चिंता है तो उन लोगों की जो दारू के माध्यम से अपनी रोजी रोटी चला रहे हैं और फिर सबसे बड़ी रोजी-रोटी तो सरकार की चल रही है इसलिए इन दारुखोरों को कुछ मत कहो। अभी शराब की खपत तीन गुना बढ़ी है हो सकता है कुछ सालों में इसकी खबर तीस गुना बढ़ जाए और जैसे ही इसकी खपत तीस गुना बढ़ेगी सरकारें मालामाल हो जाएंगी।

# आइए बयान देते हैं

संतोष उत्सुक

व्यंग्य

बयान देने और दिलवाने का ज़माना है। कोई ध्यान दे न दे, कोई पढ़े न पढ़े, इतिहास के किसी पन्ने पर तो अंकित हो ही जाता है। फिर कभी ज़रूरत हो तो कह सकते हैं, हमने तो पहले ही कहा था। एक दूसरे से प्रेरित होकर बयान देने वाले, बयान दागने वाले, बयान की निंदा करने वालों की जमात बढ़ती जा रही है। किसी और के बयान की ज़ोरदार निंदा करते हुए उन्होंने बयान दिया, उनका रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अफ़सोस भी व्यक्त करते हुए कहा, उनका रवैया दोहरा है, हमें भड़काऊ भाषण से बचकर रहना चाहिए। पहले देख लेना चाहिए कि आप बयान देने के लिए अधिकृत हैं या नहीं।

हर कुछ बयानवीर एकता, एकजुटता, सामूहिक इच्छाशक्ति, सामूहिक प्रतिक्रिया और निरंतर संवाद की वकालत करते हैं। बयान सिर्फ एक बात ही तो होती है। बयान देने वाले या लेने वाले ने व्यवहारिक रूप से कुछ करना थोड़ा होता है। अपने गिरेबान में नहीं दूसरों के गिरेबान में झांकना ही तो होता है। बयान में यह खुली स्वतंत्रता होती है कि स्वर्ग या नरक, पता नहीं कहां गए या जीवित व्यक्ति, शासक, राजा पर टिप्पणी करते हुए ईंट, पत्त्थर, रोड़ों को भी नहीं बख्शना ।

बयान देने के फायदे बहुत हैं और अगर बयान की वीडियो भी जारी कर वायरल करवा दी गई है तो वारे न्यारे हैं। बयान, असामाजिक, अधार्मिक, अजिम्मेदाराना और अनैतिक है तो महावारेन्यारे हो सकते हैं। राजनीति में हैं तो नायक बन सकते हैं। राजनीति में नहीं हैं तो व्यावसायिक राजनीतिक पार्टियां, चाय पर नहीं सीधे खाने और खिलाने पर बुला सकती हैं। फिर बयान के वस्त्र और जूते बदलवाकर, बाल कटवाकर पुन जारी करती हैं।

कितनी बार ऐसा होता है कि बयान इतनी ऊंचे या गहरे स्रोत से आता है कि उसके कितने ही अर्थ और अनर्थ निकाले जाते हैं। उसका असली अर्थ किसी को समझ नहीं आता। फिर कहा जाता है कि बयान को तोड़ मोड़कर पेश किया गया। शब्दों का वो अर्थ नहीं लिया गया जो लिया जाना चाहिए था।

बयान देने वालों को यह सुविधा रहती है कि कुछ दिन तक हलचल कर, शोरशराबा मचाकर बयान वापिस भी ले लो। बयान तो वही बढ़िया माना जाता है जिसे उचित समय पर वापिस लिया जा सके। कई बार ऐसा होता है कि उच्चकोटि का आदमी बयान वापिस लेने के लिए कहता है और बयान लेने वाला उसके कहने से मान जाता है। बयान वापिस लेते हुए, कहने वाले का सन्दर्भ भी सार्वजनिक कर देता है। इससे बयान की थोड़ी बहुत प्रसिद्धि और बढ़ जाती है। उस बयान को, ज़्यादा जोर और शोर से पढ़ा, सुना और वायरल किया जाता है जिसे वापिस लेने के लिए शक्तिवान व्यक्ति को भी बयान देना पड़ा। बयान देना पुराने ज़माने जैसी परम्परा, ज़बान देने जैसा तो होता नहीं कि मुकर जाओ तो फज़ीहत हो जाएगी। अब तो ऊपर से नीचे तक सब बेशर्म ज़बान वाले हैं इसलिए बयान देने से क्या डरना और क्या मुकरना। इसलिए जब चाहो फिसलती ज़बान से कह दिया जाता है, आइए बयान देते हैं।

# सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत निर्माण के लिए कार्य करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

दीपक कुमार त्यागी

हमारे प्यारे देश भारत के आम जनमानस के साथ-साथ दुनिया भर के लोगों के बीच मे नरेन्द्र मोदी की छवि एक ऐसे सख्त प्रशासक, कुशल राजनेता की बन गई है, जिसके लिए देशहित सर्वोपरि है, इस छवि के दम पर ही नरेन्द्र मोदी देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए हैं और मोदी के नेतृत्व में चल रही केन्द्र सरकार को 9 जून 2025 को 11 वर्ष पूर्ण हो गये है। अपने इस 11 वर्ष के कार्यकाल के दौरान नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने बहुत सारे ऐसे कार्य कर के दिखाएं है, जिन्होंने इतिहास रचने का कार्य कर दिया है। नरेन्द्र मोदी ने बिना किसी के जोर दवाब में आये ऐतिहासिक कार्यों को अमलीजामा पहनाने का कार्य बखूबी करके दिखाया है। जिसके चलते ही देश-दुनिया में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की गिनती कुछ करके दिखाने वाली सरकार के रूप में होती है।

वैसे भी देखा जाए तो जिस वक्त नरेन्द्र मोदी ने गुजरात से आकर के 26 मई 2014 को दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, उस वक्त देश व दुनिया के बहुत सारे लोगों के मन में एक सवाल बार-बार कोंध रहा था कि आखिरकार लोकसभा के चुनाव प्रचार के दौरान नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से भारत को सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित नव भारत के निर्माण करने का सपना आम जनमानस को दिखाया है, क्या यह सपना कभी पूरा हो पायेगा। लेकिन प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी इस सपने को धरातल पर उतारने के लिए अपने प्रथम कार्यकाल 26 मई 2014 से ही निरंतर कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते ही देश के आम जनमानस ने मोदी के नेतृत्व में दूसरी व तीसरी बार सरकार बनाने का अवसर दिया था और मोदी ने 30 मई 2019 को दूसरी बार व 9 जून 2024 को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। आम जनता की अदालत में 11 वर्ष बीतने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता देश के अन्य सभी राजनेताओं पर भारी है। आम व खास दोनों वर्गों के लोग नरेन्द्र मोदी के विज़न व नीति से अभी भी प्रभावित नज़र आते हैं।

हाल ही में नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपनी 11 वर्ष की विकास गाथा को 176 पेज की एक पुस्तिका में लिखकर जारी करने का कार्य किया है। जिसमें मोदी सरकार ने देश की दशा व दिशा बदलने की प्रमुख योजनाओं का जिक्र किया है। इसमें नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल को सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 वर्ष बताते हुए कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास से लेकर के, सामाजिक न्याय की योजनाएं, वंचितों की सेवाएं की योजनाएं, महिलाओं को सशक्त बनाने की योजनाएं, किसानों को उनका हक दिलाने की योजनाएं, देश के भविष्य युवाओं को अवसर देने की योजनाएं, देश की आंतरिक व बाह्य सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया गया, जिनका ब्यौरा इस पुस्तिका में दिया गया है।

वैसे मोदी सरकार के कुछ कार्यों को देखें तो देश की आंतरिक व बाह्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए मोदी सरकार ने बहुत काम किया है,



मोदी सरकार ने देश के कुछ हिस्सों में दशकों से बेखौफ होकर के अपना राज चला रहे नक्सलियों की कमर तोड़ने का कार्य किया, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर लगाम लगाने का कार्य किया है। आतंकियों के खिलाफ़ सीमा पार पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक व आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है। अनुच्छेद 370 को समाप्त करके जम्मू-कश्मीर के नागरिकों को उनका हक दिया है। देश में जातिगत जनगणना कराने के निर्णय, दशकों से लंबित महिला आरक्षण बिल आदि को मोदी सरकार के ऐतिहासिक निर्णय बताया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार मुख्य रूप से 14 बिंदुओं पर कार्य कर रही है, इसमें देश में गरीबों की सेवा वंचितों का सम्मान, किसानों का कल्याण सुनिश्चित करना, नारी शक्ति को मिला नया बल, भारत की अमृत पीढ़ी हो रही सशक्त, मध्यवर्ग का जीवन हुआ आसान, सभी के लिए सस्ती व सुलभ स्वास्थ्य सेवा, राष्ट्र प्रथम विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा, भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनाना, इज ऑफ डूइंग बिजनेस से कारोबार को लगे पंख, इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से हो रहा बेहतर, टेक्नोलॉजी से भारत को नई शक्ति, नॉर्थ ईस्ट बन रहा विकास का नया इंजन, विरासत व विकास, पर्यावरण एवं सतत विकास हैं। मोदी सरकार का लक्ष्य भारत को दुनिया की एक ताकतवर आर्थिक महाशक्ति बनाने का है, जिसके लिए वह निरंतर कार्य कर रही और उन कार्यों के दम से ही भारत आज विश्व में चौथे पायदान पर आ चुका है। मोदी सरकार का लक्ष्य है देश से ग़रीबी को खत्म करना, हाल ही में प्रकाशित विश्वबैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में अत्यधिक ग़रीबी में कमी आयी है, मोदी सरकार के प्रयासों से ग़रीबी रेखा से 27 करोड़ लोग पिछले 11 वर्ष में बाहर हुए हैं। मोदी सरकार सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर व विकसित भारत का निर्माण करने के लिए देश में सर्वांगीण विकास पर जोर दे रही है। किसानों, महिला, युवाओं व सामाजिक क्षेत्र, आर्थिक क्षेत्र व इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

मोदी सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजन, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना आदि ने देश में धरातल पर बड़ा सकारात्मक बदलाव करने का कार्य किया है। मोदी सरकार के स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, डिजिटल क्रांति, मेक इन इंडिया, जन औषधि केन्द्र, फसल के एमएसपी के द्वारा किसानों की आय की गारंटी, मखाना बोर्ड, जनजातियों का सशक्तिकरण- ग्राम समृद्धि, दालों में आत्मनिर्भरता के लिए मिशन चलाना, पीएम धन-धान्य कृषि योजना, ग्रामीण विद्युत आपूर्ति, किफायती यूरिया, भारत को पंख (उड़ान 2.0 की उड़ान और तेज हुई), विमानन क्षेत्र में नया युग, कश्मीर घाटी में बंदे भारत जम्मू-श्रीनगर रेल लाइन, चिनाब नदी पर विश्व का अजूबा रेलवे ब्रिज, विमानन क्षेत्र में एक नया युग, साइबर सुरक्षित भारत और आधार आईटी, प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री ई ड्राइव आदि ने देशवासियों को जीवन बेहतर करने का कार्य किया है। मोदी सरकार के मिशन चंद्रयान ने दुनिया में भारत का अंतरिक्ष के क्षेत्र में डंका बजाने का कार्य किया है।

मोदी सरकार ने देश में सर्वांगीण विकास को तरजीह देते हुए विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर भारी-भरकम रकम खर्च की है। देश में हाईवे व एक्सप्रेसवे का विश्वस्तरीय जाल बना देना मोदी सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। देश में बहुत सारे छोटे व बड़े एयरपोर्टों का निर्माण करके मोदी सरकार ने पूरे देश को चंद घंटों में जोड़ने का कार्य कर दिया है। रेलवे स्टेशन से लेकर के रेलवे नेटवर्क के विकास व आधुनिकीकरण का कार्य बड़े पैमाने पर कार्य चल रहा है, जो अच्छा संकेत है। देश में धार्मिक पर्यटन को नये आयाम देते हुए मोदी सरकार ने बहुत कार्य किये हैं, भव्य राम मंदिर का निर्माण, काशी-विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर इसकी एक कहानी है। वहीं स्टैचू ऑफ यूनिटी, नया संसद भवन, भारत मंडपम्, वार मेमोरियल का निर्माण मोदी सरकार उपलब्धि है। मोदी सरकार में सौर ऊर्जा पर बड़े पैमाने पर कार्य चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न से मोदी सरकार में देश में विकास के नित-नए आयाम स्थापित होते हुए धरातल पर स्पष्ट रूप से नज़र आ रहे हैं।

**अधिवक्ता, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक**

# मंगल ग्रह अपने मित्र की राशि सिंह में रहेंगे 28 जुलाई तक

नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

मंगल ग्रह ने अपने मित्र की राशि सिंह में प्रवेश कर लिया है और यह, यहां 28 जुलाई तक रहेंगे। ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा ने बताया कि सिंह राशि में मंगल का गोचर एक उग्र ग्रह की उग्र राशि में प्रवेश को दर्शाता है। इसलिए इसका असर न केवल व्यक्तिगत राशियों पर, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी देखने को मिलेगा। सिंह राशि में गोचर करने की अवधि में मंगल ग्रह राहु और केतु के प्रभाव में भी रहेंगे, जिसे अंगारक योग भी कहते हैं। इस स्थिति में कभी कभार मंगल का प्रचंड रूप भी देखने को मिल सकता है। जहां यह केतु के साथ युति बना रहे है, यह स्थिति आंतरिक अस्थिरता और घरेलू कलह की ओर इशारा करती है। बाहरी विरोधियों की अपेक्षा देश के अंदरूनी हालात अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर दुर्घटनाओं की आशंका भी बन सकती है। कुछ जगहों पर हल्के भूकंप के झटके भी महसूस हो सकते हैं।

## राशियों पर असर

▸▸ मेष, मंगल आपके पंचम भाव में गोचर करेंगे। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रह सकती है।

▸▸ वृषभ, मंगल चौथे भाव में गोचर करेंगे। भूमि-वाहन से जुड़े विवाद या हृदय संबंधी परेशानी हो सकती है।

▸▸ मिथुन, मंगल आपकी कुंडली में तीसरे भाव में गोचर करेंगे। यहां मंगल सकारात्मक परिणाम दे सकता है बशर्ते आप ऊर्जा का सही उपयोग करें।

▸▸ कर्क, मंगल आपके दूसरे भाव में गोचर करेंगे। ऐसी स्थिति में विवादों से बचना जरूरी रहेगा।

▸▸ सिंह, आपकी अपनी राशि में मंगल का गोचर हो रहा है। राहु केतु के प्रभाव में होने के चलते मंगल के नकारात्मक पहलू भी सामने आ सकते हैं।

▸▸ कन्या, मंगल आपके द्वादश भाव में गोचर करेंगे। अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं, नींद की कमी हो सकती है।

▸▸ तुला, मंगल आपके लाभ भाव में गोचर करेंगे। नौकरी, व्यापार और साझेदारी में लाभ मिल सकता है।

▸▸ वृश्चिक, मंगल आपके दशम भाव में गोचर करेंगे। कार्यस्थल पर साहस और नेतृत्व क्षमता से अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

▸▸ धनु, मंगल नवम भाव में गोचर करेंगे। शिक्षा और संतान से जुड़े मामलों में कुछ राहत मिल सकती है।

▸▸ मकर, मंगल आपके अष्टम भाव में गोचर करेंगे। आकस्मिक घटनाओं और स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

▸▸ कुंभ, मंगल आपके सप्तम भाव में गोचर करेंगे। वैवाहिक जीवन में तनाव और पार्टनर के साथ मतभेद हो सकता है।

▸▸ मीन, मंगल आपके छठे भाव में गोचर करेंगे। यह समय आपके लिए चुनौतीपूर्ण होते हुए भी अवसर प्रदान करेगा।

# सीए स्टूडेंट्स ने दिखाया टैलेंट, अब रीजनल लेवल पर करेंगे प्रतिनिधित्व

**ग्वालियर।** सेंट्रल इंडिया चार्टर्ड अकाउंटेंट्स स्टूडेंट्स एसोसिएशन,ग्वालियर ब्रांच द्वारा नेशनल टैलेंट सर्च का आयोजन किया गया, जिसमें ग्वालियर ब्रांच के स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। एलोक्यूशन प्रतियोगिता में प्रेरणा जैन एवं निर्वाणी जैन, क्विज प्रतियोगिता में मान्या अग्रवाल एवं बैसू भदौरिया, निबंध लेखन में यश करमचंदानी एवं श्रुति खंडेलवाल विजेता घोषित किए गए। बतौर ज्यूरी मेम्बर सीए स्वीटी माखीजा, विकास गुप्ता एवं विपुल गुप्ता मौजूद रहे। अब ये सभी विजेता छात्र ग्वालियर ब्रांच का प्रतिनिधित्व रीजनल स्तर पर करेंगे। सिकासा चैयरमेन सीए पंकज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, विचार क्षमता और प्रस्तुतीकरण को निखारना रहा।

# 'अनुशासित गृहस्थ जीवन सबसे सर्वश्रेष्ठ है'





## बटुकों ने दी स्तोत्र और स्वस्ति वाचन की प्रस्तुति

वैदिक ब्राम्हण संघ द्वारा आयोजित 15 दिवसीय वैदिक ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन सोमवार को हुआ। प्रवक्ता निशिकांत सुरंगे ने बताया की शिविर में प्रशिक्षित बटुकों द्वारा स्तोत्र, स्वस्ति वाचन, संध्या, संस्कृत प्रार्थना आदि की प्रस्तुति दी। शिविर में सहभागी बटुकों को वस्त्र, श्रीफल एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर चंद्रकांत शेंडे, शंकर संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मण बुचके, माधव रत्न पारखे, श्रीकांत कुंभराजवाले, अरुण राखे, धनंजय मोघे आदि उपस्थित रहे। आभार विवेक पराड़कर ने व्यक्त किया।

नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

अनुशासित गृहस्थ आश्रम सर्वश्रेष्ठ आश्रम है। गृहस्थ जीवन में परिश्रम करके जो भी अर्जित करते हैं उससे आप अपने परिवार का पालन पोषण और आने वाले अतिथि का सम्मान करते हैं।

गृहस्थ का कर्तव्य है अपनी आय का 10 प्रतिशत गाय, धर्म, समाज, राष्ट्र की सेवा में लगाए। अपने व्यस्त समय में से नित्य कुछ समय निकालकर भजन, स्वाध्याय अवश्य ही करे, निश्चित ही इससे आपका और आपके परिवार का कल्याण होगा। भगवान तो केवल भाव से प्रसन्न होते हैं। यह विचार श्री सनातन धर्म मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य विक्रम महाराज ने व्यक्त किए। आचार्य श्री कहा कि भगवान के प्रति आपका भाव कैसा, इसे ही समझा जाता है। भगवान के लिए गृहस्थी त्यागना, भगवा धारण करना, सन्यासी बनना और तपस्या करना जरूरी नहीं है। बस प्रभु के प्रति कोई भी स्थिति परिस्थिति में भाव चाहिए। भक्ति में सरलता और भोलापन चाहिए। उन्होंने कहा कि भक्त का भाव ही प्रभु को प्रिय है। कथा में बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# ज्ञान ज्योति शिविर में बच्चे लेंगे संस्कारों की शिक्षा



नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

परम पूज्य आचार्य श्री पुलक सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से तीर्थंकर ऋषभदेव जैन विद्वत् महासंघ, हस्तिनापुर के तत्वावधान में जैन बालिका जागृति मंच मामा का बाजार द्वारा आठ दिवसीय ज्ञान ज्योति जैन संस्कार एवं शिक्षण शिविर का शुभारंभ सोमवार को मामा का बाजार स्थित ऋषभ जैन धर्मशाला में हुआ।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि शिविर में जैन समाज के विद्वान, नन्हे-मुन्ने बच्चों में जैन धर्म के सिद्धांत का बीजारोपण करने के साथ ही संस्कार दिए जाएंगे। शिविर के अधिष्ठाता पं. चन्द्र प्रकाश जैन, रविन्द्र कुमार जैन, अनुपमा जैन सुरत्न, प्रीति जैन धर्म संस्कार की शिक्षा प्रदान करेंगे। शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि बरिष्ठ पत्रकार डीके जैन थे,अध्यक्षता महावीर जयंती महोत्सव समिति, ग्वालियर के अध्यक्ष बसंत कुमार जैन ने की। अतिथियों ने बच्चों को दी जाने वाली किट का विमोचन किया। कार्यक्रम में सचिन जैन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मंजू जैन, श्रीमती प्रभा जैन,श्री मती सुनीता राकेश जैन, चंद्रकला जैन, सोनम जैन, शोभा जैन, अशोक जैन, सुरेश जैन बैंक वाले, मनोज जैन टाइगर समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

### धर्म के संस्कार देना जरूरी

शिविर अधिष्ठाता पंडित चन्द्र प्रकाश जैन ने कहा कि बच्चे देश और समाज के भावी संरक्षक हैं। जैसे बच्चों को भविष्य निर्माण के लिए लौकिक शिक्षा की आवश्यकता है उसी प्रकार उन्हें श्रेष्ठ राष्ट्र, समाज और परिवार के निर्माण के लिए नैतिक-धार्मिक संस्कारों की अत्यन्त आवश्यकता है, तभी वे देश के अच्छे नागरिक और भारतीय संस्कृति के सच्चे संरक्षक बन पाएंगे ।



## जैन समाज ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**ग्वालियर।** जैन समाज ग्वालियर एवं श्री वीर शिक्षा समिति द्वारा संचालित जैन छात्रावास कमेटी की ओर से ग्रेटर ग्वालियर जैन समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की। इस आयोजन में डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, अपर कलेक्टर संजीव जैन, श्यामलाल विजयवर्गीय, सुमतचंद जैन तथा राजेन्द्र जैन उपस्थित रहे। संचालन डॉ. मुकेश जैन तथा आभार सुनीता जैन ने व्यक्त किया।



## बैडमिंटन फायनल में श्रुति और राजु राहे विजयी

**ग्वालियर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की ग्वालियर ब्रांच द्वारा रविवार को खेल परिसर में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें सीए सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में सीए मुकेश बंसल एवं सीए राहुल जैन ने संयोजक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता 21-पॉइंट नॉकआउट फॉर्मेट में सिंगल्स श्रेणी में संपन्न हुई जिसमें महिला और पुरूष सदस्यों के मध्य मैच खेले गए। महिला सदस्यों में फायनल राउंड सीए श्रुति सोमानी ने जीता जबकि 50 वर्ष पुरुष फॉर्मेट में सीए राजू खत्री विजयी रहे। 50 वर्ष से कम फॉर्मेट के फायनल में सीए तनिष जैन ने शानदार प्रर्दशन किया और विजेता बने। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## बच्चों को स्कूल जाने के लिए किया प्रेरित



**ग्वालियर।** जेंटलमेंस क्लब द्वारा 'आओ स्कूल चले हम' के अंतर्गत बरई और पनिहार के समीप रहने वाले बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में बच्चों को कॉपी, किताब, पैंसिल और रबर वितरित की गई। वहीं अभिभावकों ने संकल्प लिया कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजेंगे। इस मौके पर प्रशांत दुबे, राजू शर्मा, आर एस चौरसिया, उमेश दुबे, प्रमोद गुप्ता, अजय तोमर, सुनील जाट, कन्हैया अग्रवाल, हिमांसू भामरी आदि उपस्थित रहे। आभार जितेंद्र प्रसाद ने व्यक्त किया।

# बेहतर चिकित्सा देना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी : डॉ. धाकड़



## न्यू जयारोग्य अस्पताल का अधिष्ठाता ने किया निरीक्षण

नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

गजराराजा मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. आरकेएस धाकड़ ने सोमवार को न्यू जयारोग्य अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे पहले सर्जरी विभाग का दौरा किया, जहां उन्होंने डॉ. आशीष श्रीवास्तव से मरीजों की स्थिति, इलाज और दवाओं की उपलब्धता को लेकर जानकारी ली।

डॉ.आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को निर्धारित दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं और अब मरीजों की ओर से दवाएं न मिलने की कोई शिकायत नहीं मिल रही है। इस पर संतोष जताते हुए डीन डॉ. धाकड़ ने कहा कि विभाग में जो भी आवश्यक उपकरण और इंटूमेंट्स की जरूरत हो, उसकी सूची बनाकर शीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि उन्हें उपलब्ध करवाया जा सके। इसके बाद डीन ने ईएनटी (कान-नाक-गला) विभाग का निरीक्षण किया और वहां भर्ती मरीजों से उनकी तबीयत व इलाज की स्थिति के बारे में बात की। मरीजों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर संतोष जताया। निरीक्षण के दौरान डॉ. धाकड़ ने साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, और मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# न्यायाधीश के घर हुई चोरी का पुलिस ने 24 घंटे में किया पर्दाफाश

## चोरी करने वाले चार आरोपी पकड़े



नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

झांसी रोड थाना क्षेत्र में न्यायाधीश के सूने मकान से चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर पकड़कर चोरी की घटना का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी के माल के अलावा दो टमटम भी बरामद की हैं। झांसी रोड थाना क्षेत्र स्थित बंसत विहार कॉलोनी में रहने वाले न्यायाधीश मोहम्मद रिजवी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सामान चोरी कर लिया था। फरियादी अमित झा ने पुलिस को चोरी की सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद चोरों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए। पुलिस ने जब सीसीटीवी चेक किए तो चोर टमटम से चोरी का सामान ले जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस चोरों की तलाश में सरगर्मी से जुटी हुई थी। सोमवार को सूचना मिली कि चोर लधेड़ी में टमटम सहित देखे गए हैं। पुलिस ने लधेड़ी में दबिश देकर टमटम चालक पंकज को पकड़ लिया। पुलिस ने पंकज से पूछताछ की तो उसने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने पंकज की निशानदेही पर उसके साथी नवल किशोर पुत्र रामचरन पाल निवासी लधेड़ी जगनापुरा, अरुण पुत्र मनोज कश्यप निवासी शक्ति विहार कॉलोनी लधेड़ी और प्रदीप पुत्र लक्ष्मण कुशवाह निवासी कृष्णा कॉलोनी लधेड़ी को दबोच लिया। पकड़े गए चोरों से कैमरा, एक लैन्स, एक चार्जिंग वाला स्पीकर और दो घटना में इस्तेमाल टमटम बरामद किए। झांसी रोड थाना प्रभारी अवधेश सिंह कुशवाह का कहना है कि चोरों से पुलिस अन्य घटनाओं के बारे में पूछताछ कर रही है।

# ई-केवायसी की प्रगति ठीक नहीं उन नगर परिषदों के सीएमओ पर होगी कार्रवाई

**ग्वालियर।** समग्र ई-केवायसी का शेष काम जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। जिन नगरीय निकाय व जनपद पंचायतों में ई-केवायसी की प्रगति ठीक नहीं है उनके मुख्य नगर पालिका अधिकारियों व सीईओ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह बात जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कही। उन्होंने बिलौआ, मोहना, भितरवार व आंतरी नगर परिषद क्षेत्र में ई-केवायसी की प्रगति ठीक न पाए जाने पर इन सभी नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए संभाग आयुक्त को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में हुई बैठक में जिला पंचायत के सीईओ विवेक कुमार ने उन सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए जिनके क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री का काम शत प्रतिशत नहीं हुआ है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर विशेष जोर दिया। साथ ही कहा जिन शिकायतों का निराकरण हो जाए उन्हें पोर्टल पर शिकायतकर्ता की सहमति से बंद कराएं, जिससे जिले की रैंकिंग और बेहतर हो। बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली अन्य योजनाओं व कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर कुमार सत्यम व टीएन सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# 'व्यक्तित्व विकास में भारतीय संगीत की महत्वपूर्ण भूमिका'

**ग्वालियर।** राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं सामाजिक संस्था सेवार्थ जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय में 9 से 23 जून तक 15 दिवसीय संगीत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 40 छात्र छात्राएं भाग ले रहे हैं। जिसमें उन्हें गायन वादन का प्रारंभिक ज्ञान दिया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को भारतीय संगीत से परिचित कराकर व्यक्तित्व विकास हेतु प्रयत्न करना संस्था का एवं शिविर का उद्देश्य है। विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे की प्रेरणा से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिन विद्यार्थियों को संगीत के प्रति जिज्ञासा है एवं सीखना चाहते हैं उनके लिए यह शिविर है। प्रथम दिवस डॉ. पारुल दीक्षित द्वारा संगीत के स्वरों का एवं अलंकारों का अभ्यास कराया गया। शिविर का समय प्रातः 9.30 से 10.30 बजे तक है। शिविर पूर्ण रूप से निशुल्क है। कार्यशाला में संस्था के संरक्षक ओम प्रकाश दीक्षित , विश्वविद्यालय की एनएसएस प्रभारी डॉ .पारुल दीक्षित, सह प्रभारी डॉ. विकास विपट सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# कनिष्ठ डॉक्टर ने विभागाध्यक्ष का पद छोड़कर वरिष्ठ को सौंपा सम्मान



नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जयारोग्य अस्पताल (जेएएच) के ऑर्थोपेडिक विभाग में एक ऐसी पहल हुई है, जो मेडिकल जगत में सेवा, सम्मान और संस्कार की मिसाल बन गई है। यहां विभागाध्यक्ष का पद संभाल रहे कनिष्ठ डॉक्टर डॉ. आरएस बाजौरिया ने अपने वरिष्ठ डॉ. समीर गुप्ता को यह जिम्मेदारी सौंपने की पहल की, जिससे वे सम्मानपूर्वक विभागाध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हो सकें।

डॉ. समीर गुप्ता आगामी पांच माह में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। मेडिकल कॉलेज के रोटेशन सिस्टम के अनुसार फिलहाल विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी उनके कनिष्ठ डॉ. आरएस बाजौरिया को दी गई थी। लेकिन डॉ. बाजौरिया ने व्यक्तिगत और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए कॉलेज प्रबंधन से आग्रह किया कि वे चाहते हैं डॉ. गुप्ता को विभागाध्यक्ष बनाया जाए ताकि वे अपने कार्यकाल की समाप्ति एक गरिमामय पद पर रहते हुए करें।

### अधिष्ठाता डॉ. धाकड़ ने की सराहना

डॉ. बाजौरिया की इस पहल को गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आरकेएस धाकड़ ने न केवल स्वीकार किया, बल्कि खुले मंच से इसकी प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा - यह पहली बार है जब किसी ने अपने वरिष्ठ सहयोगी को सम्मान देने के लिए स्वेच्छा से विभागाध्यक्ष पद छोड़ा है। ऑर्थोपेडिक विभाग ने एक नई मिसाल पेश की है, जिससे अन्य विभागों को भी सीख लेनी चाहिए। डॉ. धाकड़ ने डॉ. बाजौरिया के इस निर्णय को आत्मीयता और सेवा भावना से ओतप्रोत बताया और कहा कि चिकित्सा जैसे सेवा क्षेत्र में यदि ऐसे संस्कार रहें तो संस्थान का वातावरण और भी सकारात्मक बनता है।

### डॉक्टरों के बीच आपसी सम्मान का उदाहरण

डॉ. समीर गुप्ता ने इस अवसर पर डॉ. बाजौरिया का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें ऐसे सहयोगी मिले जो व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर मानवीय मूल्य को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा - यह मेरे लिए गर्व और संतोष की बात है कि मैं विभागाध्यक्ष के पद पर रहते हुए सेवानिवृत्त हो सकूंगा। मैं डॉ. बाजौरिया का आभारी हूं कि उन्होंने यह कदम उठाया।



# गौरैया से सीखे कम लागत में प्राकृतिक घर की रचना

**ग्वालियर।** कृष्णायन सांस्कृतिक अभ्युदय द्वारा आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का छठवाँ दिन पूर्णतः सतत निर्माण को समर्पित रहा। बच्चों को अरण्य दर्शन कराया गया। वहां गौरैया के बारे में बताया गया और बच्चों ने प्राकृतिक संसाधनों से गौरैया का घोंसला बनाना सीखा। शिविर में छठवें दिन की शुरूआत शिविर संयोजक संदीप तायल के द्वारा 05 बच्चों के समूह के साथ सामूहिक उच्चारण एवं मंत्रोच्चार से हुई। इसके बाद योग सत्र में योगाचार्य ऋषिकेश वशिष्ठ ने बच्चों को अनुलोम-विलोम, हास्य आसन और नमस्कार आसन का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गौरैया चिड़िया के जीवन, पहचान, संकट और संरक्षण पर सहज, संवेदनशील और प्रेरणादायक संवाद रहा। वहीं एसआरएफ कंपनी के प्रतिनिधि बनवारी श्रीवास्तव ने सभी विशिष्ट अतिथियों को स्वदेशी उपहार भेंट कर सम्मानित किया। शिविर में भाग ले रहे बच्चे प्रतिदिन योग, ध्यान, खेल, नृत्य, कराटे, लक्ष्य भेदन, वैदिक विज्ञान और व्यावहारिक ज्ञान की बारीकियां सिखाई जा रही है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ज़ेरेड लेटो पर नौ महिलाओं ने यौन उत्पीड़न का लगाया आरोप



हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जारेड लेटो पर कई महिलाओं ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। नौ महिलाओं का कहना है कि अभिनेता ने उनके साथ अश्लील व्यवहार किया है। कुछ महिलाओं का दावा है कि उत्पीड़न के वक्त वे नाबालिग थीं। उनके साथ यौन उत्पीड़न लंबे समय तक चलता रहा। एक महिला ने बताया, 'यह बात लंबे समय से सबको पता थी,' जारेड लेटो पर आरोप है कि उन्होंने एक 16 साल की लड़की से यौन संबंधी सवाल पूछे, एक 17 साल की लड़की के सामने बिना कपड़ों के आए और एक 18 साल की लड़की का हाथ गलत तरीके से अपने शरीर पर रखवाया। एक बयान में अभिनेता लेटो के प्रतिनिधि ने सभी आरोपों को साफ तौर पर झूठा बताया और इनकार किया। रिपोर्ट में शामिल आरोपों में मॉडल लॉरा ला रू का आरोप भी शामिल है। उन्होंने बताया कि 2008 में, जब वह 16 साल की थीं, तब एनिमल राइट्स कार्यक्रम को लेकर लेटो से उनकी मुलाकात हुई थी। उन्होंने ईमेल के जरिए भी बात की थी। इसके बाद लेटो ने उन्हें अपने स्टूडियो आने का न्योता दिया। लॉरा ला रू ने बताया कि वह अप्रैल 2009 में लेटो के स्टूडियो गई थीं, जहां उनके साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ हुई। उन्होंने बताया कि उनके बीच हुई बातचीत में कुछ भी गलत या अश्लील नहीं था।

### टॉलीवुड

## पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' 12 को होगी रिलीज



अभिनेता पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म को 12 जून को रिलीज किया जाना था, मगर ऐसा हो न सका। आखिरी वक्त में फिल्म की रिलीज पोस्टपोन हो गई। मेकर्स की तरफ से भी इसकी आधिकारिक सूचना दी गई। अब इस फिल्म की नई रिलीज डेट को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' की रिलीज डेट पोस्टपोन होने के बाद फैंस काफी निराश हैं। सभी की निगाहें फिल्म की नई रिलीज डेट के एलान पर टिकी हैं। फिल्म की नई रिलीज पर एक अपडेट आया है। तेलुगु 123 की एक रिपोर्ट क मुताबिक ऐसी रूमर्स हैं कि फिल्म जुलाई में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म के डिजिटल अधिकार रखने वाले प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो के मुताबिक फिल्म 18 जुलाई, 2025 को रिलीज हो सकती है। यानी अनुष्का शेट्टी की 'घाटी' के एक सप्ताह बाद। कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित है फिल्म 'घाटी' 11 जुलाई को रिलीज होगी। इसके बाद 'हरि हर वीरा मल्लू' रिलीज हो सकती है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से फिल्म की रिलीज को लेकर इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान अभी बाकी है। 'हरि हर वीरा मल्लू' का निर्देशन ए.एम. ज्योति कृष्णा और कृष जगरलामुदी ने किया है। यह एक एक्शन, एडवेंचर ड्रामा फिल्म है। पवन कल्याण के साथ फिल्म में निधि अग्रवाल लीड रोल में हैं। इनके अलावा इस फिल्म में बॉबी देओल विलेन के रोल में नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## सिनेमाघरों के बाद अब ऑनलाइन गर्दा काट रही निरहुआ हिंदुस्तानी 4



भोजपुरी सुपरस्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे अभिनीत फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी 4' साल 2024 में थिएटर्स में रिलीज हुई। दर्शकों से इसे काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। कुछ दर्शक इस फिल्म की ऑनलाइन रिलीज के इंतजार में थे, जो पूरा हो गया है। इस फिल्म को निरहुआ म्यूजिक वर्ल्ड के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। यहां भी यह गर्दा काट रही है। 15 अगस्त 2024 को 'निरहुआ हिंदुस्तानी 4' यूपी-बिहार और झारखंड के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। कल रविवार 8 जून को इसे ऑनलाइन रिलीज किया गया है, जहां दर्शकों से इसे जबर्दस्त रेस्पॉन्स मिला है। रिलीज के एक दिन में ही फिल्म को अब तक 14 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। दर्शकों से फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और साथ ही 'निरहुआ हिंदुस्तानी 5' की डिमांड भी शुरू हो गई है। इस फिल्म का निर्देशन मंजुल ठाकुर ने किया है। प्रवेश लाल यादव और अभिषेक कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म में दिनेश लाल और आम्रपाली के अलावा सारा लॉकेट, ब्रिजेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, पारुल प्रिया,अमित शुक्ला और अयाज खान जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। आम्रपाली और दिनेश लाल की केमिस्ट्री फैंस को पसंद आई है। लोकप्रिय फ्रेंचाईजी की पहली कड़ी साल 2014 में रिलीज हुई थी। इसके बाद इसके तीन पार्ट आ चुके हैं। हर कड़ी में कहानी अलग देखने को मिली है। भोजपुरी इंडस्ट्री की यह सबसे सफल फ्रेंचईजी साबित हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनी 'निरहुआ हिंदुस्तानी 5' ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 6 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

## लाइफ स्टाइल

## मोनोक्रोम लुक ने मचाई सनसनी

मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपने फैशन और ग्लैमर के जलवे बिखेरती नजर आईं, और इस बार उनका लुक इतना दमदार था कि लोग देखते ही रह गए। 51 साल की उम्र में मलाइका ने जो लुक कैरी किया, उसने एक बार फिर ये साबित कर दिया कि एज इज जस्ट ए नंबर। उनकी हालिया तस्वीर ने फैशन इंडस्ट्री और सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा बटोरी है। मलाइका ने एक बेहद स्टनिंग वाइट जर्सी ड्रेस पहनी हुई है, जो डिजाइन और प्रेजेंस दोनों में क्लास का परफेक्ट एग्जांपल है। ड्रेस की हाई नेकलाइन और साइड कट्स उनके टोन्ड शोल्डर और फिगर को खूबसूरती से हाइलाइट कर रहे थे। पूरी ड्रेस को ब्लैक सैश से बांधा गया था, जो सामने एक बड़े बो की शक्ल में था।




## स्वस्थ चमकदार त्वचा चाहते हैं तो .... इन तरीकों से बादाम के तेल का करें इस्तेमाल

बादाम का तेल एक प्राकृतिक उपाय है, जो त्वचा को चमकदार और मुलायम बनाने में मदद करता है। इसमें मौजूद विटामिन-E और एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा की नमी बनाए रखते हैं और उसे स्वस्थ रखते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार तरीके बताएंगे, जिनसे आप बादाम के तेल का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा को चमकदार बना सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप भी अपनी त्वचा की चमक बढ़ा सकते हैं।

**बादाम के तेल से हल्की मालिश करें :** बादाम के तेल से हल्की मालिश करना एक बेहतरीन तरीका है, जिससे आपकी त्वचा को नमी मिलती है और वह चमकदार दिखती है। इसके लिए आप रात को सोने से पहले अपने चेहरे और हाथ-पैरों पर हल्के हाथों से बादाम के तेल की मालिश करें। इससे खून का बहाव बढ़ता है और त्वचा की कोशिकाओं को पोषण मिलता है। इसके अलावा यह त्वचा को मुलायम बनाता है और उसे स्वस्थ रखता है।

**फेस मास्क बनाएं :** बादाम के तेल का फेस मास्क बनाना भी एक अच्छा उपाय हो सकता है, जिससे आपकी त्वचा को गहराई से पोषण मिलता



है और वह चमकदार दिखती है। इसके लिए आप दो चम्मच बादाम के तेल में एक चम्मच शहद मिलाकर इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट तक छोड़ दें, फिर ठंडे पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को हफ्ते में दो बार दोहराएं ताकि आपको बेहतर परिणाम मिल सके।

**आंखों के नीचे लगाएं :** आंखों के नीचे की त्वचा बहुत नाजुक होती है और जल्दी झुर्रियों का सामना कर सकती है। बादाम का तेल इसमें मदद करता है क्योंकि इसमें मौजूद विटामिन-ई झुर्रियों को कम करता है और आंखों के नीचे की सूजन को घटाता है। इसके लिए रोजाना रात को सोने से पहले अपनी उंगलियों पर थोड़ा-सा बादाम का तेल लेकर हल्के हाथों से आंखों के नीचे की त्वचा पर लगाएं और धीरे-धीरे मालिश करें।

### होंठों पर लगाएं

होंठों की त्वचा भी बहुत नाजुक होती है, जिसमें जल्दी सूखापन आ जाता है या फट जाते हैं। ऐसे में आप रात को सोने से पहले अपने होंठों पर थोड़ा-सा बादाम का तेल लगा सकते हैं, जिससे वे मुलायम बने रहते हैं और उनमें नमी बनी रहती है। इसके अलावा आप चाहें तो दिनभर भी अपने होंठों पर बादाम का तेल लगा सकते हैं, जिससे वे चमकदार दिखेंगे और स्वस्थ रहेंगे।

### स्क्रब बनाएं

गंदगी और मृत त्वचा हटाने के लिए आप बादाम के तेल का स्क्रब बना सकते हैं। इसके लिए एक चम्मच बादाम के तेल में दो चम्मच चीनी मिलाकर हल्के हाथों से अपने चेहरे पर घिसें, फिर ठंडे पानी से धो लें। यह स्क्रब आपकी त्वचा को साफ करेगा, जिससे आपकी त्वचा चमकदार दिखेगी और मुलायम बनेगी। इस प्रक्रिया को हफ्ते में एक बार दोहराएं ताकि आपको बेहतर परिणाम मिल सके।

## बोहो लुक क्रिएट करने कुछ खास बातों का रखें ध्यान, मिलेगा स्टाइलिश लुक

फैशन



बोहो लुक एक ऐसा फैशन है, जो आरामदायक और स्टाइलिश दोनों होता है। यह लुक हिप्पी संस्कृति से प्रेरित है और इसमें रंग-बिरंगे कपड़े, मोटी फैशन एक्सेसरीज और प्राकृतिक चीजों का उपयोग होता है। अगर आप भी बोहो लुक अपनाना चाहते हैं तो इन टिप्स की मदद से आप अपने स्टाइल को और भी खास बना सकते हैं। इन टिप्स से आप अपने रोजमर्रा की जिंदगी में आराम और सुंदरता का संतुलन बना सकते हैं।

**रंग-बिरंगे कपड़े चुनें :** बोहो लुक में रंगों का बड़ा महत्व होता है। इसमें आपको हल्के रंगों की बजाय गहरे और चमकीले रंगों का चयन करना चाहिए, जैसे कि लाल, हरा, नीला और पीला आदि रंग इस लुक को खास बनाते हैं। आप इन रंगों के कपड़ों को मिलाकर पहन सकते हैं या एक ही रंग के अलग-अलग शेड्स को मिलाकर भी एक आकर्षक लुक पा सकते हैं। इस तरह के रंग आपके व्यक्तित्व को और भी निखार देंगे।

**फूलों के प्रिंट्स का करें इस्तेमाल :** फूलों के प्रिंट्स बोहो लुक का एक अहम हिस्सा होते हैं। ये प्रिंट्स न केवल देखने में अच्छे लगते हैं बल्कि इन्हें पहनने से भी आरामदायक महसूस होता है। आप फूलों के प्रिंट्स वाली ड्रेस, स्कर्ट या कुर्ता पहन सकते हैं। इसके अलावा फूलों के प्रिंट्स वाली साड़ी भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इस तरह के प्रिंट्स आपके लुक को और भी खास बना सकते हैं और आपको एक ताजगी भरा एहसास दिलाते हैं।

**मोटी फैशन एक्सेसरीज का करें चयन :** बोहो लुक में मोटी फैशन एक्सेसरीज का उपयोग किया जाता है। आप बड़े झुमके, चेन, कंगन और नेकलेस आदि पहन सकती हैं, जो आपके पूरे लुक को पूरा करेंगे। इन फैशन एक्सेसरीज को पहनकर आप अपने व्यक्तित्व को और भी निखार सकते हैं। इसके अलावा रंग-बिरंगी एक्सेसरीज भी इस लुक को खास बनाते हैं। मोटी फैशन एक्सेसरीज पहनने से आपका लुक और भी आकर्षक और स्टाइलिश लगेगा, जिससे आप हर मौके पर अलग दिखेंगी।

**कपड़ों की लेयरिंग करें :** बोहो लुक में कपड़ों की लेयरिंग करना आम बात होती है। आप टी-शर्ट के ऊपर बोहो स्टाइल जैकेट पहन सकती हैं, साथ ही स्कर्ट या पैंट्स के साथ लंबी कुर्ती भी अच्छी लगती है। लेयरिंग कपड़े पहनने से आपका लुक और भी खास बनता है और आप हर मौके पर अलग दिखते हैं। इस तरह के कपड़े न केवल स्टाइलिश लगते हैं बल्कि इन्हें पहनना आरामदायक भी होता है, जिससे आप पूरे दिन आत्मविश्वास महसूस करेंगे।

## स्टाइलिश व आरामदायक परिधान कुर्ती की स्टाइलिश डिजाइनें जो होना चाहिए हर महिला

कुर्ती महिलाओं के लिए एक जरूरी परिधान है, जो न केवल पारंपरिक है, बल्कि आधुनिकता का भी प्रतीक है। बाजार में कई तरह की कुर्तियां उपलब्ध हैं, जिनमें से हर एक का अपना एक अलग स्टाइल और डिजाइन है। इस लेख में हम आपको कुर्ती के पांच अलग-अलग प्रकारों के बारे में बताएंगे, जो हर महिला की अलमारी में होने चाहिए ताकि वे हर मौके पर स्टाइलिश और आरामदायक महसूस करें।

**अनारकली कुर्ती :** अनारकली कुर्ती एक बहुत ही लोकप्रिय और पारंपरिक कुर्ती स्टाइल है, जो अपने घेरदार डिजाइन के कारण खास होती है। यह कुर्ती आमतौर पर घुटने के नीचे तक लंबी होती है और इसे प्लाजो या चूड़ीदार पैंट्स के साथ पहना जा सकता है। अनारकली कुर्ती में कढ़ाई, शीशे का काम या स्टोन का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे यह और भी आकर्षक लगती है। यह हर खास मौके पर पहनने के लिए आदर्श है।



**स्ट्रेट कट कुर्ती :** स्ट्रेट कट कुर्ती उन महिलाओं के लिए बेहतरीन विकल्प है, जो सरलता पसंद करती हैं। यह कुर्ती कंधे से लेकर कमर तक सीधी होती है और नीचे की ओर हल्का सा फैलाव होता है। इसे जींस, प्लाजो या किसी भी प्रकार के बॉटम वियर के साथ पहना जा सकता है। स्ट्रेट कट कुर्ती आमतौर पर रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त होती है और इसे किसी भी अवसर पर पहना जा सकता है।

**शॉर्ट कुर्ती :** शॉर्ट कुर्ती आजकल बहुत चलन में हैं और खासकर युवा पीढ़ी में ये बेहद लोकप्रिय हैं। शॉर्ट कुर्ती को जींस या लेगिंग्स के साथ पहना जा सकता है, जिससे एक आधुनिक लुक मिलता है। ये कुर्तियां न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती हैं। शॉर्ट कुर्ती में कई तरह के प्रिंट्स और पैटर्न उपलब्ध होते हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद के अनुसार चुन सकती हैं।

## डेनिम ड्रेस के साथ पहनें फैशनेबल एक्सेसरीज दिखेंगी बहुत आकर्षक व खूबसूरत

डेनिम ड्रेस हर महिला की अलमारी का जरूरी हिस्सा होती है। यह न केवल आरामदायक होती है, बल्कि स्टाइलिश भी लगती है। डेनिम ड्रेस को सही एक्सेसरीज के साथ पहनने से आपका लुक और भी खास बन सकता है। सही एक्सेसरीज का चयन आपके पूरे लुक को निखार सकता है और आपको आत्मविश्वास से भरपूर महसूस करवा सकता है। आइए जानते हैं कि डेनिम ड्रेस के साथ कौन-कौन सी एक्सेसरीज पहननी चाहिए।

**बेल्ट का उपयोग करें :** बेल्ट डेनिम ड्रेस को एक नया अंदाज देती है। अगर आपकी डेनिम ड्रेस थोड़ी ढीली है तो एक पतली या मोटी बेल्ट पहनकर इसे फिट करें। इससे आपकी कमर की शेप उभरकर आएगी और आपको एक



स्मार्ट लुक मिलेगा। इसके अलावा बेल्ट आपके लुक को और भी खास बना सकती है। यह न केवल आपके स्टाइल को बढ़ाती है बल्कि आपको आरामदायक भी महसूस कराती है।

**हैंडबैग चुनें :** एक अच्छा हैंडबैग आपके पूरे लुक को पूरा कर सकता है। डेनिम ड्रेस के साथ एक चमड़े का हैंडबैग या फिर एक बड़ा टोट बैग अच्छा लगता है। यह न केवल स्टाइलिश दिखता है बल्कि इसमें आपकी सभी जरूरत की चीजें भी समा जाती हैं। आप चाहें तो रंग-बिरंगे हैंडबैग्स का भी चुनाव कर सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बना देंगे। इसके अलावा आप छोटे क्लच बैग्स का भी चयन कर सकती हैं।

**कानों में स्टड्स पहनें :** स्टड्स हर तरह के कपड़ों के साथ अच्छे लगते हैं, खासकर डेनिम ड्रेस के साथ। बड़े आकार के स्टड्स आपके चेहरे को आकर्षक बनाते हैं और आपके पूरे लुक को निखारते हैं। आप चाहें तो रंग-बिरंगे या फिर ऑक्सीडाइज स्टड्स का भी चयन कर सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बना देंगे। इसके अलावा आप छोटे स्टड्स भी चुन सकती हैं, जो आपके कानों को सजाएंगे और आपको एक स्मार्ट लुक देंगे।

कार्नर न्यूज

## फोटो फ्रेम्स को प्राकृतिक रूप देगा और उन्हें और भी आकर्षक बनाएगा

# यादों को संजोने ओरिगामी आर्ट से फोटो फ्रेम इस तरीके से सजाएं, शो-केस लगेगा बेहतरीन

फोटो फ्रेम्स का इस्तेमाल यादों को संजोने के लिए किया जाता है। अगर आप अपने फोटो फ्रेम्स को और भी खास बनाना चाहते हैं तो ओरिगामी आर्ट एक बेहतरीन तरीका हो सकता है। इस कला के माध्यम से आप अपने फोटो फ्रेम्स को अनोखा और आकर्षक बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी टिप्स देंगे, जिनसे आप अपने फोटो फ्रेम्स को ओरिगामी आर्ट से सजा सकते हैं।



### रंग-बिरंगे कागज के फूलों से सजाएं

ओरिगामी कागज के फूल बनाकर आप अपने फोटो फ्रेम्स को बहुत ही खूबसूरत बना सकते हैं। इसके लिए अलग-अलग रंगों के कागज लें और उन्हें फूलों का आकार दें। अब इन फूलों को अपने फोटो फ्रेम्स पर गोंद से चिपका दें। आप चाहें तो इन्हें फ्रेम के किनारों पर भी लगा सकते हैं, जिससे पूरा फ्रेम जीवंत और आकर्षक लगेगा।

### पत्तियों से करें सजावट

ओरिगामी पत्तियां बनाकर आप अपने फोटो फ्रेम्स को एक नई पहचान दे सकते हैं। इसके लिए हरे रंग के कागज का उपयोग करें और उन्हें पत्तियों का आकार दें। अब इन पत्तियों को अपने फोटो फ्रेम्स पर अलग-अलग जगहों पर गोंद से चिपकाएं। यह तरीका आपके फोटो फ्रेम्स को प्राकृतिक रूप देगा और उन्हें और भी आकर्षक बनाएगा। आप चाहें तो अलग-अलग आकार और रंग की पत्तियों का उपयोग करके एक अनोखा डिजाइन बना सकते हैं।

### जानवरों के आकार बनाएं

अगर आपके घर में बच्चे हैं तो उनके साथ मिलकर ओरिगामी जानवरों के आकार बनाना मजेदार हो सकता है। इसके लिए काले, सफेद या भूरे रंग के कागज का उपयोग करें और उन्हें काटकर जानवरों का आकार दें जैसे कि कुत्ता, बिल्ली, हिरण आदि। अब इन जानवरों को अपने फोटो फ्रेम्स पर गोंद से चिपकाएं।

**रंगीन पट्टियों से करें सजावट :** ओरिगामी पट्टियां बनाकर आप अपने फोटो फ्रेम्स को एक नया रूप दे सकते हैं। इसके लिए अलग-अलग रंगों की पट्टियां बनाएं और उन्हें एक साथ जोड़कर एक आकर्षक डिजाइन तैयार करें। अब इस डिजाइन को अपने फोटो फ्रेम्स पर गोंद से चिपकाएं।



### मोजेक डिजाइन बनाएं

अगर आप कुछ नया आजमाना चाहते हैं तो ओरिगामी मोजेक डिजाइन आजमाएं। इसके लिए छोटे-छोटे टुकड़ों में अलग-अलग रंगों वाले कागज काटें और उन्हें एक साथ जोड़कर मोजेक डिजाइन तैयार करें। अब इस डिजाइन को अपने फोटो फ्रेम्स पर गोंद से चिपकाएं। यह तरीका आपके फोटो फ्रेम्स को बहुत ही आकर्षक बनाएगा और उन्हें एक अनोखा लुक देगा। इस तरह आप ओरिगामी आर्ट का उपयोग करके अपने फोटो फ्रेम्स को सजा सकते हैं।




# यूईएफए नेशंस लीगः शूटआउट में स्पेन को हराकर पुर्तगाल ने जीता खिताब

**पुर्तगाल का यह दूसरा खिताब है। इससे पहले उसने 2018-2019 में टूर्नामेंट के पहले सीजन में भी खिताब जीता था। नूनो मेंडेस को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मेंडिस ने फाइनल में एक गोल किया। साथ ही पेनल्टी शूटआउट में पुर्तगाल के लिए अहम भूमिका निभाई।**

म्यूनिख

पुर्तगाल ने स्पेन को शूटआउट में हराकर यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ वह दो बार यह कारनामा करने वाली पहली टीम बन गई है। म्यूनिख फुटबॉल एरिना में रविवार रात खेले गये फाइनल में दोनों टीमों के बीच अतिरिक्त समय के बाद मुकाबला 2-2 से बराबरी रहने के बाद हुए शूटआउट में पुर्तगाल ने स्पेन पर 5-3 से जीत दर्ज कर दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया। इससे पहले उसने 2018-2019 में टूर्नामेंट के पहले सीजन में भी खिताब जीता था। 40 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो




ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और नेशंस लीग फाइनल में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। मैच के बाद पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो फूट-फूटकर रोने लगे। स्पेन के लिए पहले हाफ में मार्टिन जुबिमेंडी ने 21वें मिनट में गोलकर अपनी टीम बढ़त दिलाई। इसके पांच मिनट बाद पुर्तगाल के नूनो मेंडेस अपने पहले अंतरराष्ट्रीय गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मिकेल ओयार्जाबल ने पेड्री के पास को गोल में बदलकर स्पेन को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में रोनाल्डो मैच के 61वें मिनट मे गोलकर पुर्तगाल को 2-2 बराबरी पर ला दिया। यह रोनाल्डा का 938वां गोल था। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पायी। स्कोर बराबरी पर रहने के बाद हुये शूटआउट में पुर्तगाल ने पांच और स्पेन ने तीन गोल किये। पेनल्टी शूटआउट में गोंसालो रामोस ने पुर्तगाल की ओर से पहला, विटिना ने दूसरा गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस ने तीसरा गोल किया। चौथा गोल नूनो मेंडेस के हिस्से में आया। पुर्तगाल की ओर से रूबेन नेवेस ने पांचवां गोलकर अपनी टीम को 5-3 से जीत दिला दी। वहीं स्पेन के लिए मेरिनो, एलेक्स बेना और इस्को ने गोल किये।

पुर्तगाल के नूनो मेंडेस को फाइनल और टूर्नामेंट का फाइनल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

### भारत के पूर्व कप्तान को मिला सम्मान

# महेंद्र सिंह धोनी की आईसीसी हॉल ऑफ फेम में हुई एंट्री

दुबई

क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है। महेंद्र सिंह धोनी आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले 11वें भारतीय क्रिकेटर हैं। धोनी से पहले बिशन सिंह बेदी, कपिल देव, सुनील गावस्कर, अनिल कुंबले, सचिन तेंदुलकर, वीनू मांकड़, वीरेंद्र सहवाग, राहुल द्रविड़, नीतू डेविड और डायना एडुल्जी आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हो चुके हैं। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने तीन आईसीसी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। बतौर कप्तान धोनी ने 2007 का टी-20 वर्ल्ड कप, 2011 का वनडे वर्ल्ड कप और 2013 की चैंपियस ट्रॉफी अपने नाम की थी। वह दुनिया के पहले ऐसे कप्तान हैं, जिन्होंने आईसीसी की तीन अलग-अलग ट्रॉफी अपने नाम की। धोनी की गिनती भारत ही नहीं दुनिया के सबसे सफल कप्तानों में होती है। आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर पूर्व भारतीय कप्तान धोनी ने कहा कि यह सम्मान हमेशा उनके साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि आईसीसी हॉल ऑफ फ़म में शामिल होना सम्मान की बात है, जो विभिन्न पीढ़ियों और दुनिया भर के क्रिकेटरों के योगदान को मान्यता देता है। ऐसे सर्वकालिक महान खिलाड़ियों के साथ आपका नाम याद किया जाना एक अद्भुत एहसास है। यह कुछ ऐसा है जिसे वह हमेशा संजो



कर रखेंगे।

### 2019 में खेला आखिरी इंटरनेशनल मैच

धोनी ने भारत के लिए 350 वनडे मैच खेले, जिसमें 50.57 की औसत से 10773 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 10 शतक और 73 अर्धशतक भी लगाए। उन्होंने 90 टेस्ट मैच भी खेले, जिसमें उनका औसत 38 से ज्यादा का रहा। उन्होंने 6 शतक के साथ 4876 रन टेस्ट में बनाए। उन्होंने 2019 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था और फिर अगले साल अगस्त 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया। धोनी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन और साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर हाशिम अमला को भी आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह दी गई है।

गौरतलब है कि आईसीसी हॉल ऑफ फेम क्रिकेट के महान खिलाड़ियों की उपलब्धियों को मान्यता देता है। साल 2009 में इसकी शुरूआत हुई थी, तब से 122 खिलाड़ियों को इसमें शामिल किया जा चुका है।

## पैराग्वे के पास खोने के लिए कुछ नहीं हैः गुस्तावो अल्फारो

साओ पाउलो

पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्वकप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कोरिंथियंस एरिना में आज होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा, यह ऐसा मैच हैं जिसमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा सपना है जो 15 वर्षों से पूरा नहीं हुआ है। पैराग्वे, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जो चौथे स्थान पर मौजूद ब्राजील से दो अंक आगे है। शीर्ष छह टीमें अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में अगले साल होने वाले विश्वकप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी, जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम प्लेऑफ में जगह बनाएगी।

## ऑस्ट्रेलियाई मीडिया का दावा- कंगारुओं को नहीं मिली लॉर्ड्स के मैदान में एंट्री

लंदन

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 फाइनल का आगाज 11 जून से होने जा रहा है। इस मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही टीमें जोरशोर से तैयारी कर रही हैं। फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स में खेला जाएगा। इस मैच से पहले एक विवाद हो गया है। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई मीडिया का दावा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम को लॉर्ड्स में एंट्री नहीं मिली, क्योंकि वहां भारतीय खिलाड़ी प्रैक्टिस कर रहे थे। भारत को 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। यह मामला रविवार से पहले का बताया जा रहा है। फॉक्स स्पोर्ट्स ने दावा किया गया है कि भारतीय टीम को लॉर्ड्स में अभ्यास की अनुमति ऑस्ट्रेलियाई टीम की कीमत पर दी गई थी। ऑस्ट्रेलियाई टीम को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में प्रशिक्षण की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था।

### द. अफ्रीका और वेस्टइंडीज के साथ घरेलू सीरीज

## बीसीसीआई ने कार्यक्रम में किया बदलाव

मुम्बई

भारत और वेस्टइंडीज के बीच अक्टूबर में होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच अब कोलकाता के ईडन गार्डस की बजाय नयी दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं अब भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 से 18 नवंबर तक पहला टेस्ट मैच कोलकाता में होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024-25 घरेलू सत्र के लिए कई बदलावों की घोषणा की है। इसी के तहत चेन्नई अब सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला एकदिवसीय श्रृंखला की मेजबानी नहीं करेगा। इसकी जानकारी तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन ने बीसीसीआई को दी थी जिसके बाद बीसीसीआई ने यह फैसला किया।




तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन ने बताया है कि अगले साल होने वाले पुरुष टी-20 विश्वकप की तैयारियों के मद्देनजर वे 14 से 20 सितंबर के बीच होने वाली सीरीज की मेजबानी नहीं कर सकते क्योंकि अगले कुछ महीनों में चेपॉक की पिच और मैदान को दोबारा तैयार किया जाएगा। अब ये मैच न्यू चंडीगढ़ और दिल्ली में खेले जाएंगे। न्यू चंडीगढ़ का नया पीसीए स्टेडियम पहले दो एकदिवसीय, जबकि दिल्ली का कोटला अंतिम मैच की मेजबानी करेगा। न्यू चंडीगढ़ को यह मैच आंशिक रूप से महिला विश्व कप से हटाए जाने के मुआवजे के रूप में दिए गए हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका ए और इंडिया ए के बीच तीन एकदिवसीय मैच अब बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बजाय राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जाएंगे। बेंगलुरु को सितंबर के आखिर से नवंबर की शुरुआत के बीच होने वाले महिला विश्वकप के पांच भारतीय स्थलों में शामिल किया गया है। वह उद्घाटन मैच के साथ-साथ फाइनल की मेजबानी करेगा। (अगर पाकिस्तान फाइनल में पहुंचा तो ये मैच कोलंबो में खेला जाएगा)।

बीसीसीआई की बेंगलुरु के बाहर स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 30 अक्टूबर से 10 नवंबर के बीच इस श्रृंखला के दो 4-दिवसीय मैच खेले जायेंगे।

## सौरभ कुमार नए घरेलू सत्र में आंध्रप्रदेश टीम के लिए खेलेंगे

लखनऊ

उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के 32 वर्षीय स्पिन गेंदबाज सौरभ कुमार नए घरेलू सत्र में आंध्रा की ओर से खेलेंगे। सौरभ ने बताया कि उसे उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल चुका है और वह इस नई पारी को लेकर बहुत उत्साहित हैं। सौरभ ने कहा, मैं कुछ नए मौके तलाश में था और पिछले कुछ दिनों से मेरी दो-तीन टीमों से बात हो थी। अंततः मैंने आंध्रप्रदेश का चयन किया, क्योंकि वह एक बेहतर टीम है और एलीट ग्रुप में खेलती है। फिलहाल मैं इस अवसर पाकर बहुत उत्साहित हूं। 32 वर्षीय सौरभ इससे पहले सर्विसेज (2014-15) और उत्तर प्रदेश (2015-16 से 2024-25 तक) के लिए घरेलू क्रिकेट खेल चुके हैं। उन्होंने 79 प्रथम श्रेणी मैचों में 26.45 की औसत से 324 विकेट लिये हैं, जिसमें 25 बार पांच और आठ बार मैच में 10 विकेट लेना शामिल है।

## सिनर को हराकर कार्लोस अल्काराज ने जीता दूसरा फ्रेंच ओपन का खिताब

पेरिस

स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने पुरुष एकल के पांच घंटे और 29 मिनट तक चले मैराथन पांच सेट के मुकाबले में दुनिया के एक नंबर इटली के जैनिक सिनर को हराकर अपना फ्रेंच ओपन का खिताब बरकरार रखा। कोर्ट फिलिप-चैटियर पर रविवार रात खेले गये रोलैंड-गैरोस के इतिहास के सबसे लंबे पुरुष एकल फाइनल में दुनिया के शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच हुए





रोमांचक मुकाबले में 22 वर्षीय अल्काराज ने दो सेट में पिछड़ने के बाद वापसी की। जैनिक सिनर ने पहले दो सेटों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। संघर्षपूर्ण मुकाबले में कोई भी खिलाड़ी हार मानने के लिए तैयार नहीं था इसी कारण से तीन सेटों का फैसला टाईब्रेकर के जरिए हुआ। इससे पहले स्पेनिश खिलाड़ी ने अधिक आक्रामकता और पकड़ के साथ अपने ग्राउंडस्ट्रोक मारे जिससे सिनर बार-बार असहज महसूस कर रहे थे और उनका संतुलन बिगड़ गया। अल्काराज चौथे सेट में हार की कगार पर थे, लेकिन उन्होंने तीन मैच प्वाइंट बचाकर मुकाबले को निर्णायक सेट तक ले गये। उन्होंने टाईब्रेकर में इस सेट को भी 7-6 से जीतकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। अल्काराज ने सिनर को 4-6, 6-7 (4-7), 6-4, 7-6 (7-3), 7-6 (10-2) से हराकर अपना दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब जीता। अल्काराज का यह पांचवां ग्रैंडस्लैम खिताब है।

### एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 : यूरोपीय चरण

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम को नीदरलैंड से 3-2 से मिली हार

एम्सटेलवीन

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के दूसरे मैच में सोमवार को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा।एम्सटेलवीन के वागेनर स्टेडियम में आज खेले गए रोमांचक मुकाबले का पहला क्वार्टर गोलरहित रहा और दूसरे क्वार्टर में दोनों ही टीमों ने 1-1 गोल किया। तीसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने एक गोलकर स्कोर 2-0 से कर दिया। चौथा क्वार्टर निर्णायक रहा, जिसमें पहले तो भारत ने गोल की बराबरी कर ली लेकिन अंतिम मिनटों में नीदरलैंड ने गोलकर मैच अपने नाम कर लिया। भारत के लिए अभिषेक (20वें मिनट में) और जुगराज सिंह (54वें मिनट में) ने गोल किए। रैंकिंग में पहले नंबर




पर काबिज नीदरलैंड के लिए थिज डैम वैन (24वें मिनट), होडेमेकर्स टीजेप (33वें मिनट में) और जानसेन जिप (57वें मिनट में) ने गोल किए।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब अपने अगले मैच बुधवार को अर्जेंटीना से भिड़ेगी।

## यानिक सिनर शीर्ष पर, बोइसों ने 296 स्थान की लंबी छलांग लगाई; सबालेंका की बादशाहत बरकरार

नई दिल्ली

रोलां गैरो पर अपने खिताब की रक्षा करने वाले कार्लोस अल्कारेज पुरुष एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। इतालवी खिलाड़ी सिनर फाइनल में हार के बावजूद शीर्ष पर हैं। एलेक्जेंडर ज्वेरेव तीसरे स्थान पर हैं। जैक ड्रैपर चौथे जबकि नोवाक जोकोविच पांचवें पायदान पर हैं। लोइस बोइसों नवीनतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 296 अंक की लंबी छ्लांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गई हैं। आर्यना सबालेंका शीर्ष पर बरकरार हैं। गॉफ और जेसिका पेगुला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

# तनुष कोटियान और काम्बोज के नाबाद अर्धशतक,मुकाबला रहा ड्रा

नार्थम्पटन

तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल काम्बोज (नाबाद 51/ दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया दूसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे दिन सोमवार को ड्रा रहा। कोटियान और काम्बोज की जोड़ी ने आठवें विकेट के लिए 149 रनों की अविजित साझेदारी कर इंडिया ए के लिए 92 ओवर में सात विकेट पर 417 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। इंग्लैंड लायंस को जीत के लिए 439 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड लायंस की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक



26 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। टॉम होंज सात, एमिलियो गे पांच और जार्डन क्रॉक्स शून्य पर आउट हुये। इंग्लैंड के 11 ओवर में तीन विकेट पर 32 रन बनाये जाने के बाद मैच को ड्रा घोषित कर दिया गया।अंशुल काम्बोज ने दो विकेट लिये और तुषार देशपांड़े ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले इंडिया ए ने सुबह चार विकेट पर 163 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। इंडिया ए का पांचवां विकेट ध्रुव जुरेल (28) के रूप में गिरा। इसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी 42, शार्दुल ठाकुर 34 रन बनाकर आउट हुये। रेड्डी और ठाकुर को जॉर्ज हिल ने बोल्ड किया। इंडिया ए ने 92 ओवर में सात विकेट पर 417 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। तनुष कोटियान 90 और अंशुल काम्बोज 51 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड लायंस की ओर से जॉर्ज हिल ने तीन विकेट लिये। क्रिस वोक्स और एडवर्ड जैक को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले इंडिया ने पहली पारी में 348 रन और इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी में 327 रन बनाये थे।

## `सुमित नागल एटीपी चैलेंजर सर्किट के पहले ही दौर में हारे

नई दिल्ली

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को एटीपी चैलेंजर सर्किट टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा है। छठी वरीयता प्राप्त नागल को इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता के शुरुआती दौर में फ्रांस के गैरवरीय खिलाड़ी ज्योफ्रे ब्लैंकेनॉक्स के खिलाफ 4-6, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। नागल ने 2025 सत्र की शुरुआत शीर्ष 100 में की थी,लेकिन अब उनकी रैंकिंग गिरकर 170 पर आ गई है।

# एमपी में संवाद यात्रा निकालेगी आप, राजधानी से होगी शुरूआत

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

**परिवर्तन के संकल्प के साथ शुरू होगा अभियान: तोमर**

दिल्ली में मिली बड़ी हार के बाद आम आदमी पार्टी अब मध्य प्रदेश में विस्तार की तैयारी कर रही है। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने पूर्व मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर को मध्य प्रदेश में पार्टी की कमान सौंपी है। प्रदेश में आम आदमी पार्टी प्रदेश स्तरीय संवाद यात्रा निकालेगी। इसके लिए आब्जर्वर नियुक्त किए जाएंगे। सोमवार को दिल्ली के पूर्व मंत्री जीतेन्द्र सिंह तोमर ने राजधानी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। मध्यप्रदेश आप प्रभारी तोमर ने संवाद यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि पार्टी ने मध्यप्रदेश में होने वाले स्थानीय चुनावों में सभी सीटों पर लड़ने का फैसला किया है। अपने संगठन को मजबूत करने के लिए, 230 विधानसभाओ में प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी।

# कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

## सीएम ने की गाडरवाड़ा में गौशाला निर्माण की घोषणा, कहा- लाड़ली बहना की राशि 5 साल में तीन हजार होगी

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उनका और राज्य सरकार का गाडरवारा के नागरिकों के साथ विकास और विश्वास का रिश्ता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनाएंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपए महीने भी दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री सोमवार को नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा में 80 करोड़ रुपए से अधिक के निर्माण और विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में भी प्रदेश सरकार कई कल्याणकारी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना की राशि 5 साल में तीन हजार रुपए कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि परिसीमन के बाद लोकसभा व विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 80 करोड़ 46 लाख 30 हजार रुपए के 135 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के कार्यों में कोई कोर कसर नहीं रखी जाएगी। जिले के विकास के लिए मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा जो प्रस्ताव दिए गए हैं, उन्हें पूर्ण किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा कक्षा 10वीं व 12वीं में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शामिल होने वाले विद्यार्थियों और शैक्षणिक कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को भी प्रतिकात्मक रूप से सम्मानित किया गया।

# अपर मुख्य सचिव राजन ने दो दिवसीय इन्क्यूबेटर कार्यशाला का किया शुभारम्भ

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग एवं एम.पी. स्टार्टअप सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में, भोपाल स्थित आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में दो दिवसीय इन्क्यूबेटर कार्यशाला का अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन ने दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया। अपर मुख्य सचिव श्री राजन ने स्टार्ट अप के बारे में व्यापक रूप से जागरूकता लाने के लिए एवं प्राध्यापको द्वारा और अधिक रूचि लेने के लिए कहा। श्री राजन ने प्रदेश में अटल इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से स्टार्टअप के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने का सन्देश भी दिया। आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत बरबड़े ने इन्क्यूबेशन सेंटर्स की भूमिका एवं उनके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। एम.पी. स्टार्टअप सेंटर की कार्यकारी निदेशक डॉ. आभा ऋषि ने प्रतिभागियों को इन्क्यूबेशन की प्रक्रिया, उसकी उपयोगिता एवं शैक्षणिक संस्थानों में इसके समावेश के बारे में जानकारी दी।

# पचमढ़ी में भाजपा के मंत्री, एमपी, एमएलए पढ़ेंगे पंचनिष्ठा का पाठ, सीखेंगे मैनेजमेंट व इनोवेशन

## 14 से 16 जून तक चलेगा प्रशिक्षण, अमित शाह करेंगे उद्घाटन, समापन में शामिल होंगे राजनाथ सिंह

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

प्रदेश के भाजपा विधायक, सांसद और मंत्रियों के लिए तीन दिन का प्रशिक्षण पचमढ़ी में होने जा रहा है। यह प्रशिक्षण 14 से 16 जून तक होगा। प्रशिक्षण का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। प्रशिक्षण के पहले दिन चार सत्र होंगे। इस दौरान भाजपा विधायक, सांसद और मंत्री मैनेजमेंट और इनोवेशन भी सीखेंगे। 13 जून की रात तक सभी प्रशिक्षणार्थी विधायक, सांसद और मंत्री पचमढ़ी पहुंच जाएंगे। 14 जून को दोपहर 12 बजे से आयोजित उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा के बारे में व्याख्यान देंगे। अमित शाह के साथ मंच पर सीएम डॉ. मोहन यादव और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहेंगे। प्रशिक्षण सत्र का समापन केंद्रीय मंत्री



राजनाथ सिंह करेंगे। पचमढ़ी में होने वाले प्रशिक्षण वर्ग में मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को पब्लिक डीलिंग, मोबाइल मैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट से लेकर पार्टी की रीति-नीति और सफरनामे की जानकारी अलग-अलग सत्रों में दी जाएगी।

### सुबह छह बजे जागना होगा योग और प्रार्थना जरूरी

प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने वाले विधायक-सांसदों को सुबह 6 बजे जागना होगा। प्रशिक्षण स्थल पर सुबह 7 से 8 बजे के बीच योग और प्रार्थना कराई जाएगी। प्रशिक्षण के पहले दिन चार सत्र होंगे। पहले सत्र में हमारा विचार और पंच निष्ठा विषय पर प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और सबसे वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव संबोधन देंगे। इसके बाद दूसरे बीजेपी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विकसित भारत और मध्य प्रदेश के संदर्भ में मोदी सरकार के परिवर्तनकारी कदम पर सत्र को संबोधित करेंगे। इस सत्र की अध्यक्षता ओमप्रकाश धुर्वे करेंगे। पहले दिन के अंतिम सत्र में स्वप्निल कुलकर्णी और प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी शताब्दी वर्ष की योजना और पंच परिवर्तन पर जानकारी देंगे।

### सदन में भूमिका पर एक ही सत्र में 3 ग्रुप बनेंगे

दूसरे दिन के शुरुआती सत्र में विधायकों-सांसदों को निर्वाचन क्षेत्र में मैनेजमेंट इनोवेशन और चुनौतियों के साथ सदन में भूमिका पर जानकारी दी जाएगी। इस सत्र में विधायकों-सांसदों के तीन ग्रुप बनाए जाएंगे। पहले ग्रुप में पहली और दूसरी बार के विधायकों को सांसद सुधीर गुप्ता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीता शरण शर्मा संबोधित करेंगे। दूसरे समूह में बाकी बचे वरिष्ठ विधायकों को डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, विधायक प्रदीप लारिया और हरिशंकर खटीक संबोधित करेंगे। तीसरे समूह में राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों को केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक और केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास ऊईके संबोधित करेंगे।

### पार्टी हाईकमान को भेजा प्रशिक्षण कार्यक्रम

मध्यप्रदेश के सभी सांसद, मंत्री और विधायकों की ट्रेनिंग कार्यक्रम के पाठ्यक्रम को मंजूरी के लिए पार्टी हाईकमान को भेजा गया है। एक-दो दिन में इसे अंतिम स्वरूप दे दिया जाएगा। सत्ता-संगठन के इन प्रमुख नेताओं को सामाजिक शिष्टाचार, संवाद, समन्वय, नीति निर्धारण, विचारधारा, राष्ट्रवाद, मोदी सरकार की नीतियां, विकसित भारत-विकसित मप्र, सिद्धांत, कार्यशैली और अनुशासन जैसे मुद्दों पर प्रशिक्षण सत्र होंगे। संवेदनशील मुद्दों पर किसी भी तरह की बयानबाजी से बचने कब, कहां और कितना बोलना है? इसके टिप्स भी दिए जाएंगे।

**मुख्यमंत्री ब्यौहारी में राज्य स्तरीय कोल जनजातीय सम्मेलन में हुए शामिल**

# जनजातीय कोल समाज हमेशा से ही अपनी वीरता के लिए जाना जाता है : मुख्यमंत्री

- जहां कोल जनजाति निवास करती है, वहां जांच कर जमीन के पट्टे दिए जाएंगे
- बाणसागर परियोजना के सरसी आईलैण्ड में जल पर्यटन का किया जाएगा विकास
- जनजातीय समाज का समृद्ध एवं गौरवशाली इतिहास
- समाज का देश की स्वतंत्रता एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान
- भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी स्कूली पाठ्यक्रम में होगी शामिल
- 13 जिलों में माता शबरी के नाम पर रखा जाएगा कन्या शिक्षा परिसरों का नाम
- ग्राम पंचायत निपनिया में खोला जाएगा महाविद्यालय



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शहडोल जिले के ब्यौहारी में कोल जनजातीय राज्यस्तरीय सम्मेलन में जनजातीय बंधुओं के साथ लोकनृत्य में शामिल हुए।

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजातीय समाज का समृद्ध एवं गौरवशाली इतिहास रहा है, समाज ने देश की स्वतंत्रता एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जनजातीय कोल समाज प्राचीन काल से ही अपनी वीरता एवं गंभीरता के लिए जाना जाता है। जनजातीय समाज के अनेक नायकों ने अपना बलिदान देकर जल, जंगल, जमीन एवं अंग्रेजों से लड़कर देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में जहां कोल जनजाति के लोग निवासरत हैं और जिनके पट्टे नहीं बने हैं, जांच कराकर पट्टा देने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारी देशभक्त जनजातीय महानायक भगवान बिरसा मुण्डा की बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज शहडोल में प्रतिमा तथा बाणसागर जलाशय में बाणभट्ट की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की।

### जनजातीय नायकों का स्मरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजा भभूतसिंह के योगदान का स्मरण भी किया। राजा भभूतसिंह के सम्मान में उनके शासन केंद्र पचमढ़ी में कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कौल समाज में अनेक गौरवशाली व्यक्तित्व रहे हैं इनमें बुधु भगत और मदारा महतो भी शामिल हैं। कौल समाज इनके कृतित्व से गौरवान्वित है। वर्ष 1831 और 1832 में इन जनजातीय नायकों के नेतृत्व में अंग्रेजों के अत्याचारों के विरूद्ध संघर्ष किया था। कौल समाज के बंधुओं ने भगवान श्रीराम के लिए पर्णकुटी बनाई थी। यह देश भक्त समाज है। जनजातीय समाज का इतिहास ऐसे महापुरूषों से गौरवशाली है। रानी दुर्गावती के सम्मान में सिंग्रामपुर में भी कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य स्तरीय कोल जनजातीय सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलन, कन्या पूजन तथा भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल एवं ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री शरद कोल ने भी संबोधित किया।

**मुख्यमंत्री ने जिले के विकास के लिए दी अनेक सौगातें:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल जिले के विकास के लिए अनेक सौगात की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने शहडोल नगर की पेयजल व्यवस्था के लिए 28 करोड़ रूपये, ग्राम पंचायत निपनिया में कॉलेज खोलने, सरसी आईलैण्ड में जल पर्यटन को विकसित करने, जयसिंहनगर तहसील के चरकी डोल से ओदारी नदी में 13 करोड़ रूपये की लागत से पुल का निर्माण करने, जिला सतना के रामपुर बघेलान तहसील के भगदेवरा किला का जीर्णोद्धार कराने की घोषणा की।

# प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व देश को 2029 में भी प्राप्त होगा : डॉ. यादव

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

**प्रधानमंत्री के कार्यकाल के सफल 11 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के सफल 11 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य सरकार की ओर से उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान का दौर भारत का स्वर्णिम काल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जो कार्य किये हैं वह, न भूतो न भविष्यति हैं। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है की वर्ष 2029 में भी देश को नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के मानस को साथ जोड़ते हुए वैश्विक पटल पर भारत की विशेष पहचान बनाई है। वैश्विक शक्तियों के बीच संतुलन स्थापित करते हुए, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रूस से सस्ता पेट्रोल लेने के साथ ही इजराइल और अमेरिका से सुरक्षा के लिए उन्नत तकनीक से देश को लैस किया। यह उन्हीं के साहस और सामर्थ्य से संभव हुआ। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से चमत्कार कर दिखाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 11 वर्षों का सेवाकाल 'विकसित भारत' के संकल्प-सिद्धि की मजबूत आधारशिला है। इन वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा सहित हर वंचित वर्ग के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव को हम सभी महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के यशस्वी और दूरदर्शी नेतृत्व में नया भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। आस्था से अर्थव्यवस्था तक, परंपरा से प्रौद्योगिकी तक, सुविधा से सरोकार तक, कृषि से उद्योग तक, नौकरी से स्टार्ट-अप तक हर क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान रचे गए हैं। राष्ट्रीय एकात्मता के लिए अनुच्छेद 370 की समाप्ति, सीएए लागू करना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, तीन तलाक के कलंक से मुक्ति दिलाना, श्री राम मंदिर का निर्माण तथा जी -20 की अध्यक्षता प्रत्येक निर्णय में राष्ट्र प्रथम की भावना ने देशवासियों को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देशवासियों के जीवन को गरिमामय, आसान और समृद्ध बनाने के लिए प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना।

# बेटियां अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं: जायसवाल

**सेवा भारती द्वारा आयोजित बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ**



**भोपाल (नगर संवाददाता)**

कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने सेवा भारती माधव मंडल, भोपाल द्वारा बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सहभागिता की। उन्होंने बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटियां अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और वे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर समान अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए काम किया जा रहा है। बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### सेवा भारती का प्रयास सराहनी

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि सेवा भारती द्वारा 13 वर्ष से 18 वर्ष की बालिकाओं को जूडो, मार्शल आर्ट एवं कराटे का प्रशिक्षण देकर आत्मरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। श्री जायसवाल ने कहा कि सेवा भारती का यह प्रयास बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। बालिकाओं को तुलसी का पौधा भेंट कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में माधव मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजुलता शर्मा, मंडल प्रभारी राम रघुवंशी, समाजसेवी उमेश और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

### सभी स्कूली विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण कराएं: संभागायुक्त

**भोपाल।** संभागायुक्त संजीव सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन स्कूली विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण नहीं हुआ है उनका नेत्र परीक्षण कराएंगे तथा जिन विद्यार्थियों को सहायक उपकरण या इलाज की आवश्यकता है, उन्हें उपलब्ध कराएं। श्री सिंह ने कहा इस कार्य को प्राथमिकता से करें तथा सभी विद्यार्थियों को यह सुविधा उपलब्ध कराएं। संभागायुक्त संजीव सिंह ने सोमवार को आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में समय - सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक की। बैठक में राजस्व उपायुक्त श्रीमती किरण गुप्ता, संयुक्त आयुक्त श्री विनोद यादव एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। श्री सिंह ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम हेतु चिन्हित सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने एवं आगामी बैठक में प्रगति लाने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री सिंह ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के व्यापक प्रचार- प्रसार, आईसीएआर एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, नरवाई जलाने के दुष्परिणामों से अवगत कराने, कृषि यंत्रीकरण हैप्पी सीडर, सुपर सीडर तथा स्ट्रॉरिपर आदि की उपयोगिता से कृषकों को अवगत कराने के निर्देश दिए।

**बैठक** | **बाढ़ में कम से कम जनहानि हो, ऐसी व्यवस्था बनाएं, विभागों को जिम्मेदारी भी सौंपी**

# आपदा प्रबंधन के लिए ओडिशा मॉडल अपनाएं : मुख्य सचिव



**भोपाल (नगर संवाददाता)**

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा है कि ओडिशा में आपदा प्रबंधन के लिए जो फार्मूला अपनाया जाता है, उसे मॉडल रूप में लगाने करने का सिस्टम एमपी में विकसित किया जाए ताकि आने वाले समय में भारी बारिश और बाढ़ से बनने वाले हालातों के दौरान जनहानि रोकी जा सके। प्रदेश में इस साल अधिक बारिश के अनुमान को देखते हुए कहा कि मौसम विभाग को मानसून के दौरान वर्षा की दैनिक जानकारी देना है। मौसम का पूर्वानुमान रोज गृह, जल संसाधन विभाग और नर्मदा घाटी विकास प्राधिकारण को मिलना चाहिए। मुख्य सचिव जैन ने ये बातें सोमवार को मंत्रालय में बाढ़ राहत और आपदा प्रबंधन को लेकर बुलाई गई राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत और बचाव संबंधी निर्देशों के आधार पर एक चेक लिस्ट बनाई जाये और सभी विभाग उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों पर अमल करें तथा अगले 15 दिनों के अंदर इसकी रिपोर्ट दें। उन्होंने कहा कि उड़ीसा में आपदा प्रबंधन पर हुए अच्छे कार्यों को मॉडल बनाकर राज्य में उसी तरह का सिस्टम विकसित किया जाये जिससे जनहानि से बचा जा सके। मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग, गृह विभाग, कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग और मौसम विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में गृह विभाग को बाढ़ राहत संबंधी कार्यों का नोडल विभाग बनाये जाने का निर्णय लिया गया। मुख्य सचिव जैन ने विभिन्न विभागों को बाढ़ से बचाव और राहत संबंधी जिम्मेदारियां भी सौंपी हैं।

### इन 17 विभागों को जिम्मेदारी सौंपी

- मानसून पूर्व बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने के लिए हुई राज्य स्तरीय समिति की बैठक में गृह विभाग को सेना से समन्वय, बाढ़ बचाव उपकरणों की तैयारी, प्रशिक्षित तैराकों की सूची और नियंत्रण कक्ष से समन्वय की जिम्मेदारी दी गई।
- राजस्व विभाग को सभी कलेक्टर को चेक लिस्ट अनुसार तैयारी करने, आपदा की स्थिति में क्षति आकलन और समय पर राहत वितरण का कार्य सौंपा गया है।
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को अस्थायी शिविरों के लिए भवन चयन, जर्जर भवनों के चिन्हांकन की कार्रवाई, निचले क्षेत्रों से आबादी शिफ्ट करने और खुले बोरवेल, कुओं की सुरक्षा के निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग को पुलों पर बैरियर, जर्जर भवनों की मरम्मत और चेतावनी बोर्ड लगाने का कार्य सौंपा गया है।
- परिवहन विभाग को बसों की फिटनेस जांच, ओवरलोडिंग पर नियंत्रण और बाढ़ में सुरक्षित यातायात की व्यवस्था करने का जिम्मा मिला है। नगरीय विकास विभाग को नालों की सफाई, निचली बस्तियों को खाली कराने और जर्जर भवनों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं।
- जल संसाधन विभाग को बांधों की मजबूती, जल निकासी, मौसम पूर्वानुमान और बाढ़ संभावित गांवों का चिन्हांकन करने का काम सौंपा गया है।
- स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में चिकित्सा, दवाएं, टीकाकरण और महामारी रोकथाम के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था के साथ सर्पदंश के उपचार में प्रयुक्त एंटीवेनम की पर्याप्त व्यवस्था करनी होगी।
- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को स्वच्छ पेयजल, शुद्धिकरण, क्लोरीन टैबलेट वितरण और निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है।
- कृषि विभाग को खाद-बीज का भंडारण, समय पर वितरण और कीट-व्याधि पर निगरानी का काम दिया गया है।
- पशुपालन विभाग को पशु चिकित्सा दल, दवाएं, चारे का भंडारण और मृत पशुओं के सुरक्षित निपटान की जिम्मेदारी सौंपी गई है।
- खाद्य विभाग को खाद्यान्न और आवश्यक राहत सामग्री का भंडारण, मूल्य निर्धारण और वितरण की व्यवस्था करना होगी।
- नर्मदा घाटी विकास विभागको बड़े बांधों से पानी छोड़ने का समन्वय, कंट्रोल रूम संचालन और बाढ़ की चेतावनी संबंधी प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है।
- ऊर्जा विभाग को राहत स्थलों पर विद्युत आपूर्ति, वैकल्पिक व्यवस्था, फील्ड टीम गठन और पब्लिक सूचना की जिम्मेदारी दी गई है।
- महिला एवं बाल विकास विभाग को महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, परामर्शदाताओं की मदद से सुरक्षित निष्क्रमण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।
- मौसम विभाग को मानसून के दौरान वर्षा की दैनिक जानकारी और मौसम का पूर्वानुमान प्रतिदिन गृह, जल संसाधन विभाग और नर्मदा घाटी विकास प्राधिकारण को नियमित रूप से देनी होगी।
- दूरदर्शन तथा आकाशवाणी को भारी वर्षा तथा बाढ़ की स्थिति में जिला प्रशासन या राज्य शासन के निर्देश पर पूर्व चेतावनी और स्थानीय लोगों को सही जानकारी देते हुए सचेत करने में सहयोग करना है।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक **अभिषेक जोशी** द्वारा लक्की ऑफसेट 267 प्रगति नगर शहंशाह गार्डन भोपाल (म.प्र.) मुद्रित एवं म.नं. ई-100/22 शिवाजी नगर भोपाल मध्यप्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक : **अभिषेक जोशी** (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।)